दैनिक
सीहोर जिले का प्रथम दैनिक
RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-23 अंक-64 | सीहोर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## भीरी-ककोला मोटर मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा, 250 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, तीन की मौत

रुद्रप्रयाग, (आरएनएस)। जिले के भीरी-ककोला मोटर मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। भीरी से औरिंग की ओर जा रहा वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 250 मीटर नीचे गहरी खाई में गिर गया। सूचना मिलते ही कोतवाली ऊखीमठ पुलिस और एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची प्रभारी निरीक्षक मनोज नेगी और एसडीआरएफ पोस्ट अगस्तमुनि से उपनिरीक्षक धर्मेंद्र पंवार के नेतृत्व में जवानों ने रात के अंधेरे में खाई में उतरकर संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। कड़ी मशक्कत के बाद दो शवों को बाहर निकाल लिया है, जबकि तीसरे शव को निकालने का प्रयास किया जा रहा हैहादसे में मृतकों की पहचान नवीन सिंह (30 वर्ष), अंशुल (28 वर्ष) और अमित सिंह (35 वर्ष) के रूप में हुई है। सभी रुद्रप्रयाग जिले के निवासी हैं।

## अमित जोगी को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत, सरेंडर करने पर रोक

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। रामअवतार जग्गी हत्याकांड में दोषी करार दिए गए पूर्व विधायक अमित जोगी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। गुरुवार को जिस सरेंडर की डेडलाइन थी, उस पर कोर्ट ने फिलहाल रोक लगा दी है। अमित जोगी की ओर से दो आदेशों को चुनौती दी गई है।इसमें पहला आदेश, सीबीआई को अपील करने की अनुमति को लेकर है और दूसरा बिलासपुर हाई कोर्ट का वह फैसला, जिसमें उन्हें हत्या का दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। दोनों मामले की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने सरेंडर से छूट दे दी है और सीबीआई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।अब गेंद सीबीआई के पाले में है और आगे की सुनवाई में इस केस का रुख तय होगा। बिलासपुर हाई कोर्ट ने जोगी की उम्रकैद की सजा बरकरार रखते हुए उन्हें 23 अप्रैल तक सरेंडर करने का आदेश दिया था।

### द्वारका मल्टी-स्पोर्ट्स एरिना को एनजीटी का झटका, डीम्ड पर्यावरण मंजूरी का दावा खारिज; की सख्त टिप्पणी

नई दिल्ली (आरएनएस)। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने दिल्ली के द्वारका सेक्टर-19बी में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड मल्टी-स्पोर्ट्स एरिना परियोजना को लेकर बड़ा फैसला सुनाते हुए परियोजना प्रस्तावकों के डीम्ड एनवायरनमेंट क्लियरेंस यानी मानी गई पर्यावरणीय मंजूरी के दावे को खारिज कर दिया है। अधिकरण ने स्पष्ट कहा कि पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त किए बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सकता और डीम्ड क्लियरेंस का सहारा लेकर पर्यावरण कानूनों से बचने की अनुमति नहीं दी जा सकती। साथ ही एनजीटी ने अवैध पेड़ कटाई, अनधिकृत निर्माण गतिविधियों और पर्यावरणीय उल्लंघनों की जांच कर कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए हैं। यह परियोजना वर्ल्डस्ट्रीट स्पोर्ट्स सेंटर लि. और ओमेक्स लि. द्वारा विकसित की जा रही है। द्वारका स्पोर्ट्स एरिना प्रोजेक्ट, जिसे ओमेक्स स्टेट के नाम से भी जाना जाता है,सेक्टर -19बी में 50 एकड़ से अधिक भूमि पर प्रस्तावित है। इसे एक अत्याधुनिक फाइव-इन-वन डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# पश्चिम बंगाल के प्रथम चरण, तमिलनाडु की सभी विधानसभा सीटों पर जबरदस्त मतदान



नई दिल्ली/ कोलकाता/चेन्नई, (ए.)। तमिलनाडु विधानसभा की सभी सीटों और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में गुरुवार को मतदाताओं का जबर्दस्त उत्साह सामने आया। चिलचिलाती धूप और गर्म हवा के थपेड़ों के बावजूद सुबह 7 से शाम 6 बजे तक दोनों ही राज्यों के मतदाताओं ने पिछले आंकड़ों को पीछे छोड़ते हुए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक पश्चिम बंगाल में 91.40 फीसदी और तमिलनाडु में 84.35 फीसदी मतदान हुआ। इस दौरान पश्चिम बंगाल में छिटपुट हिंसा की घटनाएं सामने आईं जबकि तमिलनाडु में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान हुआ। मतगणना 4 मई को होगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आज राज्यभर में कड़ी सुरक्षा और व्यापक प्रशासनिक निगरानी के बीच संपन्न हुआ। इस चरण में 16 जिलों की 152 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ, जिसमें कुल 1478 उम्मीदवारों का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में बंद हो गया। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं और पूरे दिन मतदान का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। खास बात यह है कि इस बार जबर्दस्त मतदान हुआ है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक राज्य में 91.40 प्रतिशत मतदान हुआ, जो पिछले चुनावों की तुलना में काफी अधिक है।इस चरण में दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, कूचबिहार, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर, मालदा, मुर्शिदाबाद, बीरभूम, पश्चिम बर्धमान, पुरुलिया, बांकुड़ा, झाड़ग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर और पूर्व मेदिनीपुर जैसे जिलों में मतदान हुआ। ये सभी जिले भौगोलिक और सामाजिक रूप से विविधता वाले क्षेत्र हैं, जिनमें सीमावर्ती इलाके, चाय बागान क्षेत्र, आदिवासी बहुल क्षेत्र, ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहरी केंद्र भी शामिल हैं।चुनाव आयोग के अनुसार प्रथम चरण में लगभग 3.6 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र थे। कुल 44,376 मतदान केंद्र बनाए गए थे। 5644 मतदान केंद्रों का संचालन महिलाकर्मियों द्वारा किया गया, जबकि 207 मतदान केंद्रों को मॉडल केंद्र के रूप में विकसित किया गया था।

## पश्चिम बंगाल में वोटिंग के दौरान हिंसा-मारपीट

### महिला कैंडिडेट की कार पर पत्थरों से हमला, पुरुष कैंडिडेट को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा



कोलकाता। पश्चिम बंगाल में पहल फेज की वोटिंग के दौरान कई विधानसभा सीटों पर BJP-TMC कार्यकर्ताओं के बीच हिंसा और मारपीट हुई। मुर्शिदाबाद जिले में आम जनता उन्नयन पार्टी (AJUP) के चीफ हुमायूं कबीर और TMC कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। वहीं कुमारगंज सीट से भाजपा प्रत्याशी सुवेंदु सरकार के साथ मारपीट हुई। आसनसोल सीट से भाजपा प्रत्याशी अग्निमित्रा पॉल की कार पर भी हमला हुआ।

**भाजपा प्रत्याशी सुवेंदु सरकार के साथ मारपीट**

पश्चिम बंगाल के दक्षिण मिदनापुर में



कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार पर हमला हुआ है। वीडियो में दिख रहा है कि सुवेंदु हमले से बचने के लिए भाग रहे हैं। उनका सिक्योरिटी गार्ड उनके साथ है। इसके बावजूद भीड़ सुवेंदु को पीटती है। जानकारी के मुताबिक चुनाव आयोग ने वीडियो में दिख रहे सभी लोगों की तुरंत गिरफ्तारी करने के आदेश दे दिए हैं। आसनसोल साउथ विधानसभा सीट से भाजपा विधायक और उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर बर्नपुर के रहमतनगर इलाके में हमला हुआ। इससे उनकी गाड़ी के पीछे का शीशा टूट गया। घटना के समय विधायक कार में ही मौजूद थीं।

**हुमायूं कबीर समर्थकों और TMC कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट**

मुर्शिदाबाद के नौदा में वोटिंग से पहले बुधवार देर रात देसी बम फेंका गया था। इसमें कई लोग घायल हो गए थे। इसके बाद आम जनता उन्नयन पार्टी (AJUP) के चीफ हुमायूं कबीर सुबह घटनास्थल पर पहुंचे तो उनका विरोध हुआ। इस दौरान TMC कार्यकर्ताओं के साथ उनकी झड़प भी हुई।इसके बाद वे धरने पर बैठ गए। इस दौरान उनके समर्थकों और TMC कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट, पथराव हुआ।

स्थिति संभालने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। हुमायूं की कार पर पत्थरों और लाठियों से हमला किया गया। सिलीगुड़ी में भी वोटिंग के दौरान भाजपा और TMC कार्यकर्ताओं के बीच भी झड़प हुई।

## नहीं बढ़ेंगी पेट्रोल-डीजल की कीमतें, भय और दहशत पैदा करने फैलाई जा रहीं खबरें

नई दिल्ली,(ए.)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि वर्तमान में चल रहे विधानसभा चुनावों के बाद देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। इसे फेक न्यूज बताते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया में कहा- कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की बात कही जा रही है। यह स्पष्ट है कि सरकार के सामने ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। इस तरह की खबरें भय और दहशत पैदा करने के उद्देश्य से फैलाई जाती हैं और ये शरारतपूर्ण और भ्रामक हैं।

पोस्ट में आखिर में लिखा- भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां पिछले चार सालों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं हुई है। भारत सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने भारतीय नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय कीमतों में होने वाली तीव्र वृद्धि से बचाने के लिए लगातार कदम उठाए हैं।

## धूमधाम और उत्साह से मनाया गया भगवान चित्रगुप्त जी का प्रकटोत्सव

### -जगह जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का किया गया स्वागत





भोपाल, (निप्र)। वैशाख शुक्ल गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर राजधानी भोपाल में चित्रांश समाज के आराध्यदेव भगवान चित्रगुप्त जी का प्रकटोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। यह भव्य आयोजन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद म0प्र0 एवं समस्त कायस्थ संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। प्रात:काल से ही समाज के श्रद्धालु अपने-अपने घरों में पूजा-अर्चना कर बढ़नेवरी, होशंगाबाद रोड, 1100 क्वार्टर्स, कोटरा, भेल, भवानी धाम, कमाली मंदिर और प्रोफेसर कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों से निकलकर जवाहर चौक स्थित चित्रगुप्त मंदिर पहुंचे। यहां सामूहिक हवन, कलम-दवात पूजन एवं आरती के साथ आध्यात्मिक वातावरण का सृजन हुआ। इसके पश्चात भव्य मंच से मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, विधायक भगवानदास सबनानी, अरूण श्रीवास्तव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने शोभायात्रा को ध्वज दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा में घोड़े-बग्गी, आकर्षक बैंड-बाजे, उज्जैन का डमरू दल, भजन-कीर्तन की टोलियां एवं मनमोहक आतिशबाजी ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। मार्ग के दोनों ओर चित्रांश समाज के महापुरुषों एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रदर्शनी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। जगह-जगह पुष्पवर्षा से यात्रा का स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और उल्लास से सराबोर हो उठा। भोपाल के 22 कायस्थ संगठनों के पदाधिकारियों एवं पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, सोनू भाभा सहित बड़ी संख्या में समाजजन—महिलाएं, युवा और बच्चे—इस शोभायात्रा में शामिल हुए और नृत्य-गीत के साथ उत्सव का आनंद लिया। -शेष पृष्ठ दो पर




## मिर्जापुर के ड्रमंडगंज घाटी में भीषण सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत



मिर्जापुर,(ए.)। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास बुधवार रात करीब आठ बजे हुए भीषण सड़क हादसे में 11 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में बोलेरो में सवार आठ लोग जिंदा जल गए, जबकि ट्रक चालक, खलासी और कार चालक की भी मौत हो गई। मध्य प्रदेश की ओर से चना लादकर मिर्जापुर आ रहे ट्रक का अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित ट्रक ने पहले कंटेनर को टक्कर मारी और फिर आगे चल रही बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बोलेरो डिवाइडर से टकराकर धू-धू कर जलने लगी। इसके बाद ट्रक ने एक कार को टक्कर मारते हुए गिट्टी लदे ट्रेलर में जा घुसा, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक जय प्रकाश (28) निवासी सोनभद्र की मौके पर ही मौत हो गई। बोलेरो में सवार आठ लोगों, जिनमें दो महिलाएं और दो बच्चे शामिल थे, आग में फंसकर जिंदा जल गए। ट्रक चालक और खलासी की भी मौत हो गई। फायर ब्रिगेड की टीम करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पा सकी, तब तक वाहन जलकर खाक हो चुके थे। घटना के बाद जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस मृतकों की शिनाख्त में जुटी है।आंखों के सामने जिंदा जलते रहे लोग प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग इतनी भीषण थी कि लोग चाहकर भी पास नहीं जा सके और उनकी आंखों के सामने ही लोग जिंदा जलते रहे।

सीएम ने लिया संज्ञान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं।

चार घंटे जाम रहा मार्ग

हादसे के बाद वाराणसी-रीवां मार्ग पर करीब चार घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। देर रात एक लेन से यातायात बहाल कराया गया।

### 6 दिन के लिए दिल्ली से शिमला शिफ्ट होगा राष्ट्रपति कार्यालय, मिट्टी से बने 175 साल पुराने इमारत में रहेंगी द्रौपदी मुर्मू

शिमला,(आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 अप्रैल से दो मई तक शिमला प्रवास पर आ रही हैं, इसलिए इन छह दिनों के लिए एक तरह से राष्ट्रपति कार्यालय दिल्ली से शिमला शिफ्ट हो जाएगा। इसका एक कारण यह भी है कि राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास दिल्ली से बाहर सिर्फ शिमला और हैदराबाद में है। हिमाचल सरकार ने राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सारी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के छह दिवसीय प्रवास के दौरान राष्ट्रपति भवन की सारी जरूरी फाइलें यहां लाई जाएंगी और राष्ट्रपति सचिवालय छह दिन तक शिमला से संचालित होगा। बता दें कि देश में केवल तीन राष्टपति निवास हैं। उनमें सबसे पुराना राष्ट्रपति निवास शिमला के मशोबरा में है। पूर्व में इसे द रिट्रीट भी कहा जाता था। यह शिमला से 12 किलोमीटर दूर मशोबरा की शांत सुरम्य पहाडियों में स्थित है। राष्ट्रपति निवास मशोबरा 175 साल से भी अधिक पुराना है। इसकी निर्माण शैली धज्जी निर्माण वाली है। यहां लकड़ी और मिट्टी की दीवारें हैं।

## हीट वेव से लोगों के छूटे पसीने, येलो अलर्ट जारी- दो दिन बाद आ सकती है बारिश



नोएडा(ए.)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में भीषण गर्मी और हीट वेव का असर लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक बना रहेगा, जिससे लोगों को तेज गर्मी और लू का सामना करना पड़ेगा।विभाग ने स्थिति को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को दोपहर के समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 23 अप्रैल को अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि 24 और 25 अप्रैल को तापमान 43 डिग्री तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। इन दोनों दिनों में दोपहर और शाम के समय हीट वेव का प्रभाव सबसे ज्यादा रहेगा।इसके बाद 26 अप्रैल से मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिल सकता है, जहां आंशिक बादल छाने की संभावना है और तापमान 42/26 डिग्री के आसपास रह सकता है। 27 और 28 अप्रैल को भी आंशिक रूप से बादल छाए रहने की उम्मीद है, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिल सकती है।मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों के बाद हल्की बारिश की संभावना बन रही है, जिससे गर्मी में कुछ हद तक कमी आ सकती है। हालांकि तब तक लोगों को तेज धूप और गर्म हवाओं से बचकर रहना होगा। वहीं, बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रशासन और स्कूल प्रबंधन भी सतर्क हो गए हैं। स्कूलों में खेलकूद के समय में बदलाव किया गया है और बच्चों को दोपहर के समय मैदान में जाने पर रोक लगा दी गई है,

## स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 से बढ़ाकर 2250 क्विंटल प्रतिदिन प्रति उपार्जन केन्द्र की गई

भोपाल (ए.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 3 लाख 5 हज़ार 422 किसानों से 12 लाख 94 हजार 497 मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। एक लाख से अधिक किसानों को 1333 करोड़ 3 लाख रुपए का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जा चुका है। अभी तक 7 लाख 33 हजार किसानों द्वारा 3 लाख 52 हजार मीट्रिक टन गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केंद्रों पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़कर 6 कर दी गई है। इससे समय पर किसानों द्वारा लाये गए गेहूँ की तुलाई हो सकेगी। खरीदी के लिये 3171 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। गेहूँ की खरीदी कार्यालयीन दिवसों में होती है। सेटेलाइट ई-मेल में मिलान नहीं पाए गए खसरों को छोड़कर उसी किसान के शेष खसरों पर गेहूँ की फसल विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग की सुविधा दी गई है।

**स्लॉट बुकिंग की क्षमता बढ़ाई**

उपार्जन केन्द्र की क्षमता अनुसार उपज की तौल की जा सके एवं अधिक से अधिक किसानों से उपार्जन किया जा सके, इसके लिये प्रतिदिन प्रति उपार्जन केन्द्र पर गेहूँ विक्रय के लिये स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1` क्विंटल से बढ़ाकर 15 क्विंटल की गयी थी। अब इसे बढ़ाकर 225 क्विंटल प्रतिदिन प्रति उपार्जन केन्द्र कर दिया गया है।

**उपार्जन केंद्र में किसानों के लिये गेहूँ बिक्री की सभी सुविधाएं**

मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि उपार्जन केंद्रों में गेहूँ विक्रय की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उपार्जन केन्द्रों में छायादार स्थान में बैठने और पेय जल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केंद्र में बारदाने, तौल कांटे सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ सफाई के लिए पंखा, छनना आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

**समर्थन मूल्य के साथ बोनस भी**

मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 226-27 में किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 4 रूपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। गेहूँ के उपार्जन के लिये आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। उपार्जित गेहूँ को रखने के लिये जूट बारदानों के साथ ही पीपी/एचडीपी बैग एवं जूट के भर्ती बारदाने का उपयोग किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ के सुरक्षित भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उपार्जित गेहूँ में से 9 लाख 69 हजार 615 मीट्रिक टन गेहूँ का परिवहन किया जा चुका है।

## राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने किया 4 लेन सीसी सड़क निर्माणकार्य का भूमि-पूजन

भोपाल (ए.)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने गुरुवार को 4-लेन सीसी सड़क का भूमि-पूजन किया। यह सड़क गोविंदपुरा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले अवधपुरी क्षेत्र में बनने जा रही है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने बताया कि एसबीआई ब्रांच से क्रिस्टल आइडल सिटी गेट तक 3 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क से क्षेत्र का आवागमन अधिक सुलभ और सुगम बनेगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में सेंटर ब्रिज और स्ट्रीट लाइट का निर्माण भी शामिल है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था और अधिक सुचारु हो सकेगी। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि क्षेत्र के विकास और नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सड़क से अवधपुरी और उससे लगे इलाकों के लोगों को आवागमन में भी काफी राहत मिलेगी। इस सड़क की मांग पूरी करने के लिए स्थानीय रहवासियों ने राज्यमंत्री श्रीमती गौर का आभार भी जताया। कार्यक्रम में सुरेंद्र धोटे, संजय शिवनानी, वी. शक्तिराव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने पर बधाई दी

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चार धामों में से एक श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट आज वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के लिए खुल गए हैं। यह अवसर सनातन धर्म, आस्था एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सनातन अनुयायियों एवं तीर्थयात्रियों को दिव्य यात्रा के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं तथा बाबा बद्रीनाथ से सभी पर सदैव आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की है।

## देवास के डायल-112 हीरोजः सतर्कता और संवेदनशीलता से सुरक्षित लौटा मासूम

### घर से निकलकर रास्ता भटके 07 वर्षीय बालक को डायल-112 जवानों ने परिजनों से मिलाया

भोपाल (ए.)। डायल-112 आपात परिस्थितियों में त्वरित सहायता के साथ-साथ मानवीय संवेदनशीलता और सुरक्षा का सशक्त माध्यम है। देवास जिले में घर से निकलकर रास्ता भटके एक बालक को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाकर डायल-112 जवानों ने सराहनीय कार्य किया। 23 अप्रैल कोदेवासजिले के थाना इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्र अंतर्गत बीराखेड़ी में एक`7 वर्षीय बालक के भटक जाने की सूचनाडायल-112 राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूमभोपालको प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुँचकर डायल-112 स्टाफआरक्षक विनोद डोडियाएवंपायलट दीपक दुबेने बालक को सुरक्षित संरक्षण में लिया। प्रारंभिक पूछताछ में बालक अपने परिजनों के संबंध में जानकारी देने में असमर्थ था। डायल-112 जवानों ने संवेदनशीलता और धैर्य के साथ बालक की सुरक्षा सुनिश्चित की। इसके पश्चात डायल-112 जवानों ने बालक को एफआरव्ही वाहन के साथ लेकर आसपास क्षेत्र में परिजनों की तलाश एवं पूछताछ की। स्थानीय नागरिकों से जानकारी प्राप्त हुई कि बालक के परिजन उसे खोजते हुए थाने पहुँचे हैं। तत्पश्चात डायल-112 टीम बालक को सुरक्षित थाने लेकर पहुँची। थाने में पहचान एवं सत्यापन उपरांत बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। डायल-112 हीरोज द्वारा

# मध्यप्रदेश पुलिस की बड़ी कार्रवाई, SIT-STF ने भोपाल में सक्रिय नेटवर्क का किया पर्दाफाश

## व्हाट्सएप कॉल से फिरौती मांगने वाला संगठित गिरोह ध्वस्त, मास्टरमाइंड आनंद मिश्रा गिरफ्तार सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

भोपाल (ए.)। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा प्रदेश में संगठित अपराधों की प्रभावी रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु पूर्व में विशेष अनुसंधान दल (SIT) का गठन किया गया था। इसी के परिप्रेक्ष्य में SIT एवं STF द्वारा समन्वित रूप से यह कार्यवाही की गई है। भोपाल के थाना कोलार रोड क्षेत्र में व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से फिरौती मांगने एवं फरियादी के घर की रेकी कर वीडियो बनाकर धमकाने वाले एक संगठित गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। विशेष जांच दल (SIT) एवं विशेष कार्य बल (STF), भोपाल की संयुक्त एवं समन्वित कार्रवाई में गिरोह के तीन प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में आरोपी द्वारा फरियादी को व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से फिरौती की मांग की गई तथा भय का वातावरण निर्मित करने हेतु उसके निवास की गुप्त रूप से रेकी कर वीडियो तैयार कर उसे भेजा गया। इस प्रकार की सुनियोजित आपराधिक गतिविधि को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा तकनीकी विश्लेषण, डिजिटल साक्ष्यों के



संकलन एवं सतत निगरानी के आधार पर त्वरित कार्रवाई की गई। जांच के दौरान दिनांक 16 अप्रैल 2026 को रेकी कर वीडियो बनाने वाले आरोपी निर्मल तिवारी (निवासी जिला बांदा, उत्तरप्रदेश) को गिरफ्तार किया गया। विस्तृत पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि उक्त आपराधिक कृत्य के लिए उसे गिरोह के मुख्य आरोपी आनंद मिश्रा (निवासी जिला बांदा, उत्तरप्रदेश) द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की गई तथा पूरी योजना के संबंध में निर्देशित किया गया था। निर्मल तिवारी की गिरफ्तारी के उपरांत मुख्य आरोपी आनंद मिश्रा गिरफ्तारी से बचने के उद्देश्य से नेपाल भागने की फिराक में था, जिसे एसआईटी एवं एसटीएफ की टीम द्वारा त्वरित एवं सटीक कार्रवाई करते हुए दिनांक 20 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर लिया गया।

प्रकरण में एक अन्य आरोपी जे.पी. डारा (निवासी जिला बीकानेर, राजस्थान) की भूमिका भी महत्वपूर्ण पाई गई, जो गिरोह के सदस्यों को समय-समय पर अपराध के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक संसाधन एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराता था। उक्त आरोपी को भी गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जिससे गिरोह के अन्य नेटवर्क एवं गतिविधियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होने की संभावना है। यह उल्लेखनीय कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी. श्रीनिवास वर्मा, उप पुलिस महानिरीक्षक राहुल कुमार लोढ़ा, पुलिस अधीक्षक एसटीएफ भोपाल राजेश सिंह भदौरिया, पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवीन कुमार चौधरी तथा पुलिस अधीक्षक एटीएस वैभव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न की गई।

## मस्तिष्क विकास के लिए शुरुआती 6 वर्ष और प्रथम 1000 दिन है सबसे महत्वपूर्ण : मंत्री सुश्री भूरिया

### मध्यप्रदेश में 8वें पोषण परखवाड़ा का हुआ भव्य समापन



भोपाल (ए.)। प्रदेश में 8वें पोषण पखवाड़ा का समापन गुरूवार को हुआ। इस अवसर पर आई एच एम भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने बच्चों के सर्वांगीण विकास और पोषण को लेकर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने वैज्ञानिक तथ्यों को साझा करते हुए कहा कि एक सशक्त राष्ट्र की नींव बच्चों के स्वस्थ बचपन में छिपी है और इसके लिए जीवन के शुरुआती 6 वर्ष सबसे निर्णायक होते हैं। मंत्री सुश्री भूरिया ने मिशन पोषण 2.0 की सफलता पर कहा कि विज्ञान यह सिद्ध कर चुका है कि मनुष्य के मस्तिष्क का अधिकांश विकास उसके जीवन के शुरुआती छह वर्षों में ही हो जाता है। ऐसे में गर्भावस्था से लेकर बच्चे के दूसरे जन्मदिन तक के प्रथम 1000 दिन वह सुनहरा कालखंड हैं, जहाँ सही पोषण और उचित देखभाल के जरिए एक मजबूत पीढ़ी का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने माताओं से आग्रह किया कि वे अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि एक स्वस्थ माँ ही सुपोषित भविष्य की जननी है। मंत्री सुश्री भूरिया ने शिशु स्वास्थ्य के बुनियादी सिद्धांतों पर चर्चा करते हुए कहा कि कोलोस्ट्रम यानी माँ के पहले गाढ़े पीले दूध को नवजात का पहला टीका माना जाता है। उन्होंने स्तनपान की सही तकनीक और जन्म से छह माह तक केवल स्तनपान के महत्व पर जोर दिया।

## इंदौर की किसान दीदी ने जगाई पराली नहीं जलाने की अलख, 6 बीघा खेत बचाए

भोपाल (ए.)। उत्तर भारत में फसल कटाई के बाद पराली जलाने की समस्या लंबे समय से बनी हुई है लेकिन मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के धुलेट गांव में एक महिला किसान ने इस प्रवृति को बदलने की दिशा में मिसाल पेश की है। गांव की रहने वाली श्रीमती पपीता रावत ने न केवल किसानों को जागरूक किया, बल्कि वैकल्पिक समाधान देकर पराली जलाने पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**स्वयं सहायता समूह से शुरू हुआ सफर**

श्रीमती पपीता रावत, जो एक स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष है ने अपनी यात्रा आजीविका मिशन से जुड़कर शुरू की। शुरुआती आर्थिक तंगी के बीच



उन्होंने सिलाई कार्य से शुरुआत की। कृषि गतिविधियों में रूचि के चलते बाद में स्व-सहायता समूह और बैंक से ऋण लेकर स्ट्रा रीपर मशीन खरीदी। इसके बाद उन्होंने गांव और आसपास के किसानों को पराली जलाने के नुकसान और उससे भूसा बनाने के फायदे समझाए। जिले के धुलेट गांव के आसपास दूर-दूर तक कोई भी किसान अब अपने खेत में पराली (गेहूं कटाई के बाद बचे हुए ठूंठ,अवशेष) नहीं जलाता। इसका कारण महिला किसान श्रीमती पपीता रावत है। पपीता रावत बताती है -शुरुआती दिनों में मैं घर ही रहती और मेरे पति महेश मजदूरी करने जाते थे। घर में तंगी बनी रहती। एक दिन गांव में आजीविका मिशन के अधिकारी आए। द्वारकाधीश सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाया। सिलाई मशीन ली और काम शुरू किया। इसके बाद मैंने लोन लेकर स्ट्रा रीपर मशीन खरीद ली। गांव सहित आसपास के किसान परिवारों को पराली जलाने के नुकसान और भूसा तैयार करने के फायदे बताए। देखते ही देखते इस साल हमने 600 बीघा से ज्यादा खेत में फसल कटने के बाद पराली जलने से बचा लिया।

### विदिशा में भू माफियाओं का बोलबाला, मामा के राज में सरकारी नहरों पर तन गए पेट्रोल पंप और कॉलोनियों

## भाजपा मास्टर प्लान नहीं माफिया प्लान बनाती है : आनंद जाट

भोपाल। विदिशा (विलक्षण सक्सेना)। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आनंद जाट ने आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान विदिशा उद्वहन सिंचाई परियोजना की नहर की ज़मीन पर भू माफियाओं के क़ब्ज़े पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने विदिशा जिले में सक्रिय भू-माफियाओं और भाजपा की मिलीभगत पर तीखा हमला बोला। आनंद जाट ने सरकारी रिकॉर्ड और जमीनी हकीकत का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि विदिशा में एक शहर, दो कानून की स्थिति बनी हुई है, जिसे देखकर आम जनता का खून खौलता है। भाजपा मास्टर प्लान नहीं, माफिया प्लान बनाती है और सरकारी जमीनों पर कब्ज़ा करना ही भाजपा का मास्टर प्लान है।

**नहर की जमीन पर अवैध सामाज्य**

आनंद जाट ने खुलासा किया कि विदिशा उद्वहन सिंचाई परियोजना, जो 1999 में बंद हो गई थी, उसकी बेशकीमती जमीन पर भू-माफियाओं ने कब्जा कर लिया है। जल संसाधन विभाग ने इस जमीन को किसानों को मुआवजा देकर विधिवत अधिग्रहित किया था। आज उन सरकारी नहरों को समतल करके वहाँ भाजपा नेता और भाजपा से जुड़े व्यापारियों ने आलीशान मकान, व्यावसायिक कॉलोनियों और पेट्रोल पंप तक बना लिए है। सरकारी संपति की इस खुली लूट पर जिला कलेक्टर केवल लेटर-लेटर का खेल खेल रहे हैं. धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई शून्य है।

## धूमधाम और उत्साह से मनाया.







*प्रथम पृष्ठ का शेष*

भगवान चित्रगुप्त केवल चित्रांश समाज ही नहीं, बल्कि समस्त मानव जाति के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले आराध्य हैं। वे सभी को बुद्धि, विवेक और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनकी महिमा अपार है। कार्यक्रम में भक्ति और उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिला। भजन-कीर्तन एवं संगीत की मधुर प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। अंत में रवि खरे एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुत भजनों ने समा बांध दिया। इसके पश्चात विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस वर्ष शोभायात्रा को और अधिक भव्य बनाने के लिए विशेष लाइटिंग, साउंड एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाएं की गईं, जिसने आयोजन को यादगार बना दिया। यह प्रकटोत्सव न केवल धार्मिक आयोजन रहा, बल्कि समाज को जोड़ने और एकजुट करने का सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ। भोपाल चेम्बर ऑफ कामर्स न्यू मार्केट संघ ने मंच बनाकर पुष्प वर्षा कर पालकी की पूजा अर्चना की तो वहीं शोभायात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया।

## राज्य वित्त आयोग का दो दिवसीय सागर दौरा

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया के नेतृत्व में आयोग की एक उच्चस्तरीय टीम शुक्रवार को 24 अप्रैल 2026 सागर संभाग के दो दिवसीय दौरे पर पहुँचेगी। श्री पवैया संभाग के नगरीय और ग्रामीण निकायों की वित्तीय स्थिति का बारीकी से आकलन करना तथा विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। 25 अप्रैल को सागर संभाग के आयुक्त सहित सभी छह जिलों के कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की एक वृहद प्रशासनिक बैठक भी आहूत की गई है। इस बैठक में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रवर्तित विभिन्न योजनाओं की धरातलीय वास्तविकता और उनकी गुणवत्ता पर गहन विचार-विमर्श होगा। आयोग स्थानीय निकाय अपने स्वयं के राजस्व स्रोतों को बढ़ाने के लिए किस प्रकार के नए नवाचार अपना रहे हैं। इस पर चर्चा करेंगी।




मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने नरयावली में सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण सहित अन्य विकास कार्यों के भूमि-पूजन एवं लोकार्पण समारोह स्थल पर प्रदर्शित स्थानीय उत्पादों का अवलोकन किया।

## अब तक 2945 स्थानों पर हुई जाँच, 4642 गैस सिलेण्डर किये गये जब्त

भोपाल (ए.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अभी तक 2945 स्थानों पर जांच की गई, 4642 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 13 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रदेश के 773 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) की जांच कराई गई है। इसमें 2 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत् रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है। मंत्री श्री राजपूत ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि पीएनजी पाइपलाइन जिन क्षेत्रों में बिछ चुकी है, उस क्षेत्र के उपभोक्ता पीएनजी कनेक्शन जरूर लें। इससे उन्हें गैस सिलेंडर लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। गैस की सतत आपूर्ति होगी। उपभोक्ताओं से आग्रह है कि किसी तरह का भ्रम नहीं पालें। पीएनजी पूरी तरह से सुरक्षित है। भारत में कच्चे तेल (Crude Oil) का पर्याप्त भण्डार है, देश एवं प्रदेश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं, जिससे पेट्रोलियम पदार्थों की निरंतर सप्लाई हो सके एवं सप्लाई में कोई रुकावट न आए।

## आज वाया इटारसी हडपसर-आसनसोल वन वे स्पेशल ट्रेन संचालित

भोपाल (निप्र)। रेलवे गर्मियों के मौसम में यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए और सुगम तथा सुविधाजनक यात्रा के लिए स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। इसी कड़ी में भोपाल मंडल के इटारसी होकर गाड़ी संख्या 01459 हडपसर-आसनसोल वन वे स्पेशल ट्रेन अपने गंतब्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन का विवरण इस प्रकार है:-

**हडपसर-आसनसोल वन वे स्पेशल ट्रेन ( 01 ट्रिप )-**

गाड़ी संख्या 01459 हडपसर-आसनसोल वन वे स्पेशल ट्रेन दिनाँक 24.04.2026 को हडपसर से सुबह 10.00 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए इटारसी अगले दिन 00:45 बजे आगमन कर आसनसोल तीसरे दिन 02.00 बजे पहुँचेगी।

कोच कम्पोजीशन:- इस गाड़ी में 8 स्लीपर, 8 सामान्य श्रेणी, 2 थर्ड एसी, 1 सेकेंड एसी कम थर्ड एसी, 02 एसएलआरडी सहित कुल 21 कोच रहेंगे।

ट्रेन के हाल्ट:- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दौड कार्ड लाइन, अहिल्यानगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, भबुआ रोड, सासाराम, डेहरी आन सोन, अनुग्रह रोड, गया, कोडरमा, हजारीबाग, पारसनाथ, गोमो एवं प्रधानखूंटा स्टेशनों पर रुकेगी। यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, एनटीइएस या रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन रेलवे वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

## एम्बुलेंस में मरीज की जगह निकली छात्रा

छतरपुर (आरएनएस)। जिले में 108 एम्बुलेंस के दुरुपयोग का एक मामला सामने आया है। मरीजों को अस्पताल पहुंचाने वाली इस आपातकालीन सेवा की एम्बुलेंस में एक कॉलेज छात्रा बैठी मिली, जबकि उसमें कोई मरीज मौजूद नहीं था। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसे वहां मौजूद लोगों ने बना लिया।जानकारी के अनुसार, एक स्थानीय व्यक्ति ने सायरन बजाते हुए तेज रफ्तार से जा रही एम्बुलेंस को देखा। एम्बुलेंस के अंदर मरीज की जगह एक युवती बैठी थी। संदिग्ध लगने पर व्यक्ति ने अपनी बाइक से एम्बुलेंस का पीछा किया और कुछ दूरी पर उसे रुकवा लिया। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।एम्बुलेंस रुकने के बाद जब चालक से पूछताछ की गई तो वह घबरा गया। उसने छात्रा को अपनी बहन बताया, लेकिन जब उससे उसका नाम पूछा गया तो वह सही जवाब नहीं दे पाया।

# इंदौर में लेंसकार्ट पर बवाल, ड्रेस कोड विवाद के बीच शोरूम के बाहर प्रदर्शन, चश्मे तोड़े

इंदौर, (ए.)। मध्य प्रदेश के इंदौर में लेंसकार्ट की ड्रेस कोड नीति को लेकर विवाद ने गुरुवार को नया मोड़ ले लिया, जब वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन मध्य प्रदेश ने स्कीम-54 स्थित शोरूम के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने न सिर्फ कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की, बल्कि चश्मे तोड़कर अपना विरोध भी दर्ज कराया और उत्पादों के बहिष्कार का ऐलान किया।प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता भी शामिल रहीं। उन्होंने शोरूम की महिला कर्मचारियों को तिलक लगाकर उन्हें बिना डर अपने धार्मिक प्रतीकों के साथ काम करने का संदेश दिया। इस दौरान सिद्धेश्वर धाम के पीठाधीश्वर स्वामी अतुल आनंद महाराज की मौजूदगी ने प्रदर्शन को और प्रमुख बना दिया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कंपनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लेंसकार्ट की आंतरिक नीति में हिंदू धार्मिक प्रतीकों जैसे




बिंदी, तिलक और कलावा पर रोक लगाई गई थी जबकि अन्य धार्मिक प्रतीकों को अनुमति दी गई। उन्होंने इसे धार्मिक भेदभाव करार देते हुए कहा कि ऐसी नीति किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कंपनी ने स्पष्ट और संतुलित रुख नहीं अपनाया, तो इंदौर के सभी शोरूम पर विरोध तेज किया जाएगा और पूरे मध्य प्रदेश में उत्पादों का बहिष्कार किया जाएगा। फेडरेशन की महिला प्रदेश अध्यक्ष सुनीता जायसवाल समेत अन्य महिला कार्यकर्ताओं ने भी कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि जरूरत पड़ी तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।गौरतलब है कि विवाद बढ़ने पर लेंसकार्ट के संस्थापक और सीईओ पीयूष बंसल ने सफाई देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल दस्तावेज पुराना है और वर्तमान नीति में किसी भी धार्मिक प्रतीक पर कोई प्रतिबंध नहीं है। कंपनी ने नई स्टाइल गाइड जारी कर स्पष्ट किया कि बिंदी, तिलक, सिंदूर, कलावा, मंगलसूत्र, हिजाब और पगड़ी सहित सभी धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीकों की अनुमति है, साथ ही भ्रम की स्थिति के लिए खेद भी जताया। इसके बावजूद वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन ने मांग की है कि शुरुआती नीति में दिखाई दिए कथित भेदभाव की जवाबदेही तय की जाए। संगठन ने कंपनी से सार्वजनिक माफी और भविष्य में ऐसी स्थिति न बनने की ठोस गारंटी देने की मांग की है।

## आगरमालवाः माँ बगलामुखी मंदिर के गर्भगृह में फोटो-वीडियो शूटिंग पर लगा प्रतिबंध



आगरमालवा,(ए.)। मध्य प्रदेश के आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सर्व सिद्ध पीठ माँ बगलामुखी मंदिर के गर्भगृह की पवित्रता एवं धार्मिक मर्यादा बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को महत्वपूर्ण आदेश जारी कर मंदिर के गर्भगृह में किसी भी प्रकार की फोटो, वीडियो, रील अथवा अन्य शूटिंग को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है।जारी निर्देशों के अनुसार, गर्भगृह में शूटिंग का कार्य केवल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा पूर्व में अधिकृत एवं अनुमति प्राप्त व्यक्ति द्वारा ही किया जा सकेगा। यह अनुमति भी समिति के दिशा-निर्देशों एवं निगरानी में ही मान्य होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी श्रद्धालु, निजी व्यक्ति अथवा अन्य द्वारा गर्भगृह के भीतर किसी प्रकार की फोटो या वीडियो शूटिंग करना पूर्णतः वर्जित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विधि अनुसार कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## राजगढ़ः मुख्य सप्लायर के कब्जे से 35 लाख रुपये का मादक पदार्थ जब्त

राजगढ़(ए.)।मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन शुद्धि' के तहत जीरापुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 35 लाख रुपये कीमत का मादक पदार्थ जब्त किया है। पुलिस ने मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है।थानाप्रभारी हुकुमसिंह मीणा ने गुरुवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में संयुक्त कार्रवाई की गई।उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल को पुलिस ने घनश्याम बैरागी और उसकी पत्नी संगीता बैरागी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8.77 ग्राम स्मैक बरामद की थी। मामले की विवेचना के दौरान आरोपी जगदीश तंवर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वह स्मैक शकील मंसूरी निवासी ग्राम पिपल्याकुल्मी, थाना माचलपुर से लाता था।

## जबलपुर में रील बनाते बरगी नहर में बही 4 लड़कियां, दो के शव मिले, एक अब भी लापता



**- एक लड़की ने तैरकर बचाई अपनी जान**

जबलपुर (ए.)। मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाने का शौक एक बड़े हादसे में बदल गया। गुरुवार सुबह बरगी थाना क्षेत्र के सालीबाड़ा गांव में रील बनाते समय चार लड़कियां पैर फिसलने से उफनती बरगी नहर के तेज बहाव में बह गईं। इस हादसे में दो के शव मिल चुके हैं, जबकि एक लड़की की तलाश अब भी जारी है। वहीं, एक ने तैरकर अपनी जान बचा ली।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि सभी लड़कियां एक ही परिवार की हैं और गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आयी थीं। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे पांच लड़कियां नहर पर नहाने गई थीं। इसी दौरान चार लड़कियां नहर के किनारे मोबाइल से वीडियो (रील) बनाने लगीं, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वे गहरे पानी और तेज बहाव की चपेट में आ गईं।वहां मौजूद लोगों ने बताया कि जैसे ही लड़कियां बहने लगीं, किनारे पर मौजूद एक युवती ने अपनी साड़ी फेंककर उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी की रफ्तार इतनी अधिक थी कि लड़कियां हाथ से छूट गईं। डूब रही लड़कियों में से एक को तैरना आता था, जिसने न केवल खुद को सुरक्षित बाहर निकाला, बल्कि अपनी सहेलियों को बचाने की कोशिश भी की, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण भी मदद के लिए दौड़े, पर तब तक लड़कियां ओझल हो चुकी थीं।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

# सांसद आशीष दुबे ने की कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट



जबलपुर (ए.)। जबलपुर लोकसभा के सांसद आशीष दुबे ने भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित योगेन्द्र दुबे के साथ कार्यताओं से सौजन्य भेंट की सांसद ने चर्चा में बताया मालवीय चौक पार्टी का गढ़ है। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं संजय कपूर, अजय कपूर, राहुल कपूर ने उनसे समसामयिक विषयों पर चर्चा की वहीं मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता, प्रदेश के लाखों शिक्षकों को चतुर्थ वेतन मान देने पर प्रदेश शासन का आभार व्यक्त किया, चर्चा में संजय यादव,रोहित कुरील, शेखर मिश्रा शामिल थे।

# गंगा सप्तमी पर नर्मदा तटों में उमड़ी भीड़



जबलपुर (ए.)। नर्मदा भक्तों के लिए गुरुवार का दिन हर्षित करने वाला दिन रहा क्योंकि गंगा सप्तमी पर मां गंगा, नर्मदा जी से मिलने के लिए आईं और इस मिलन के योग में नर्मदा तटों में लोगों ने स्नान, पुण्य दान कर अपने जीवन को धन्य किया। इस मौके पर सुबह से ही गौरीघाट, उमाघाट, तिलवाराघाट, भेड़ाघाट में स्नानार्थियों का मेला लगा रहा। नर्मदा तटों पर विभिन्न धार्मिक आयोजन भी हुये। गौरतलब है कि वर्ष में दो बार मां गंगा अपनी बहन नर्मदा जी से मिलने के लिए आती हैं। पहला गंगा सप्तमी और दूसरा गंगा दशहरा को। इसके लिए नर्मदा तट में विशेष तौर पर श्रद्धालु मां नर्मदा और मां गंगा का पूजन करने के लिए पहुचंते हैं। गुरुवार को नर्मदा पावन तट का नजारा ही अलग था। बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाट पर पहुंचे। सबसे पहले भक्तों ने स्नान किया, नर्मदाष्टक का पाठ किया उसके पश्चात मां रेवा की आरती की। इस दौरान हर तरफ नर्मदे हर-हर का जयघोष गूंज रहा था।

## व्यापार समाचार

# मजबूत डॉलर से सोने और चांदी में बिकवाली, कीमतें 1.6 प्रतिशत तक घटीं



मुंबई (ए.)। सोने और चांदी की कीमतों में मजबूत डॉलर के चलते गुरुवार को दबाव देखा जा रहा है और दोनों कीमती धातुओं में करीब 1.6 प्रतिशत तक की गिरावट है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सुबह सोने का 05 जून 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 9~56 पर 0.36 प्रतिशत या 546 रुपए की कमजोरी के साथ 1,52,111 रुपए पर था।

अब तक के कारोबार में सोने ने 1,51,719 रुपए का न्यूनतम स्तर और 1,52,200 रुपए उच्चतम स्तर बनाया है। चांदी का 05 मई, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 1.61 प्रतिशत की गिरावट या 3,987 रुपए की कमजोरी के साथ 2,44,377 रुपए पर था। अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,42,220 रुपए का न्यूनतम स्तर और 2,44,730 रुपए का उच्चतम स्तर बनाया है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमत में कमजोरी कमजोरी देखी जा रही है। कॉमेक्स पर गोल्ड की कीमत 0.68 प्रतिशत कम होकर 4,720 डॉलर प्रति औंस और चांदी का दाम 2.43 प्रतिशत कम होकर 76 डॉलर प्रति औंस हो गया है। सोने और चांदी में कमजोरी की वजह मजबूत डॉलर इंडेक्स को माना जा रहा है, जो कि 0.11 प्रतिशत बढ़कर 98.50 के ऊपर कारोबार कर रहा था। आमतौर पर जब भी डॉलर इंडेक्स में मजबूती देखी जाती है तो सोने और चांदी में दबाव देखने को मिलता है।डॉलर इंडेक्स के तेजी का कारण कच्चे तेल की कीमत में बढ़ोतरी होना है, जिससे डॉलर की मांग बढ़ गई है। अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 1.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 103 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 1.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ 94 डॉलर प्रति बैरल पर है। डॉलर इंडेक्स दुनिया की छह बड़ी मुद्रओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा की स्थिति को दिखाता है, जिसमें यूरो, जापानी येन, पाउंड स्टर्लिंग,कैनेडियन डॉलर, स्वीडिश क्रोना और स्विस फ्रैंक शामिल हैं।

## चीन के साथ नजदीकी कनाडा के लिए जोखिम भरा कदम : रिपोर्ट

नई दिल्ली (ए.)। कनाडा की ओर से चीन के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत करने की कोशिश उसकी आर्थिक सुरक्षा के लिए जोखिम बन सकती है और अमेरिका के साथ उसके रिश्तों में भी तनाव पैदा कर सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा के पूर्व राजनयिक माइकल कोवरिग ने चेतावनी दी कि चीन को लेकर ओटावा (कनाडा की राजधानी) की बदलती रणनीति एक खतरनाक कदम है, जिसे वॉशिंगटन अच्छी नजर से नहीं देख सकता और इससे उसके सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार अमेरिका के साथ चल रही बातचीत भी प्रभावित हो सकती है।कोवरिग के अनुसार, असल समस्या यह है कि अमेरिका के साथ हमारी ज्यादातर दिक्कतों का समाधान चीन नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कनाडा चीन के साथ ज्यादा करीब जाता है, तो अमेरिका की नजर में वह अविश्वसनीय सहयोगी लग सकता है। कोवरिग ने बताया कि कनाडा के करीब 75 प्रतिशत निर्यात अमेरिका को जाते हैं, जबकि चीन का हिस्सा सिर्फ लगभग 4 प्रतिशत है। इससे दोनों देशों पर निर्भरता का फर्क साफ दिखता है।हाल ही में प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में कनाडा सरकार ने एक समझौते की घोषणा की, जिसमें सीमित संख्या में चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों का आयात और कुछ कनाडाई कृषि उत्पादों पर टैरिफ में ढील जैसी बातें शामिल हैं। इस समझौते का लक्ष्य 2030 तक चीन को कनाडा के निर्यात को 50 प्रतिशत तक बढ़ाना है। कोवरिग का कहना है कि फिलहाल चीन खरीदने के बजाय बेचने की स्थिति में है और वह चाहता है कि दुनिया उसके निर्यात पर ज्यादा निर्भर हो जाए।

## हॉर्मुज स्ट्रेट के खुलने पर अनिश्चितता से कच्चे तेल में तेजी जारी, ब्रेंट क्रूड 103 डॉलर प्रति बैरल के पार

मुंबई (ए.)। हॉर्मुज स्ट्रेट के खुलने पर अनिश्चितता के बीच कच्चे तेल में तेजी जारी है और गुरुवार को कीमतें फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गई है। इंटरकॉन्टिनेंटल एक्सचेंज पर ब्रेंट का जून फ्यूचर्स का कॉन्ट्रैक्ट सुबह के कारोबार में 103.35 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से लगभग 4 प्रतिशत अधिक था। वहीं, न्यूयॉर्क मर्केंटाइल एक्सचेंज पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड का जून फ्यूचर्स का कॉन्ट्रैक्ट 1.62 प्रतिशत बढ़कर 94.47 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

कच्चे तेल की कीमत में बढ़ोतरी की वजह हॉर्मुज स्ट्रेट के खुलने पर अनिश्चितता को माना जा रहा है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरानी नेताओं द्वारा यूनिफाइड प्रस्ताव दिए जाने तक युद्धविराम को बढ़ा दिया, लेकिन उन्होंने ईरान पर लगी नौसैनिक नाकाबंदी नहीं हटाई।

अमेरिका की सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पर कहा, ईरान के खिलाफ अमेरिकी नाकाबंदी के तहत अमेरिकी सेना ने 31 जहाजों को वापस मुड़ने या बंदरगाह पर लौटने का निर्देश दिया है। वहीं, ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने कहा कि मौजूदा हालात में होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा नहीं खोला जाएगा।

उन्होंने कहा कि अमेरिका की ओर से होर्मुज स्ट्रेट को ब्लॉक कर दिया गया है। यह सीजफायर का उल्लंघन है। इससे ईरानी बंदरगाहों को निशाना बनाया जा रहा है। आगे कहा कि पूर्ण सीजफायर तभी संभव है, जब अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट के ब्लॉक को समाप्त कर देता है।

विश्लेषकों का कहना है कि होर्मुज स्ट्रेट 50 दिनों से अधिक समय से बंद है, जिससे वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा बाधित हो गया है। कीमतों में लगातार वृद्धि से भारत के आयात बिल पर असर पड़ सकता है और इसकी अर्थव्यवस्था पर दबाव आ सकता है। सरकार का कहना है कि देश भर में खुदरा ईंधन आउटलेट सामान्य रूप से काम कर रहे हैं।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 852 , निफ्टी 205 अंक नीचे आया**

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट अमेरिक और ईरान के बीच तनाव को देखते हुए दुनिया कर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी नाकाबंदी से भी कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया जिससे भी बाजार पर दबाव पड़ा है। आज कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक फिसलकर 77,664 पर जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 205.05 अंक नीचे आकर 24,173.05 पर पहुंच गया।आज सेंसेक्स 77,574.18 के सबसे निचले स्तर पर वहीं निफ्टी 243 अंक गिरकर 24,134.80 के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। इस प्रकार केवल दो सत्रों में सेंसेक्स करीब 1,600 अंक तक गिर गया है। आज सत्र के दौरान, व्यापक बाजार सूचकांक गिरे हैं। वहीं पिछले सत्र में बाजार में गिरावट के बावजूद व्यापक सूचकांक लाभ पर बंद हुए थे। निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में जहां 0.67 फीसदी की गिरावट रही। वहीं निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में 0.41 फीसदी की गिरावट आई।क्षेत्रवार देखें तो निफ्टी फार्मा और निफ्टी मीडिया को छोड़कर अन्य सभी क्षेत्रों में गिरावट दर्ज की गई। सबसे ज्यादा गिरावट निफ्टी ऑटो में 2.35 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक में 2.19 फीसदी, निफ्टी रियल्टी में 1.83 फीसदी, और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में 1.38 फीसदी रही।आज निफ्टी के सिप्ला, अदाणी इंटरप्राइजेज, कोल इंडिया, अपोलो हॉस्पिटल, अदाणी पोर्ट्स, ओनजीसी के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली। दूसरी ओर , श्रीराम फाइनेंस, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, इंफोसिस, एसबीआई लाइफ, टीएमपीवी के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही।

# आरबीआई ने करोड़ों ग्राहकों को दी बड़ी राहत, ऑटो डेबिट पेमेंट के नियमों में किया बड़ा बदलाव

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल पेमेंट करने वाले करोड़ों ग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए ऑटो डेबिट के नियमों में अहम बदलाव किया है। केंद्रीय बैंक ने डिजिटल पेमेंट के लिए नया ई-मैंडेट फ्रेमवर्क जारी कर दिया है, जिसे तत्काल प्रभाव से लागू भी कर दिया गया है। इस नए नियम का मुख्य उद्देश्य यूजर्स के डिजिटल लेनदेन को सरल, सुरक्षित और पारदर्शी बनाना है। इस बदलाव के बाद अब ग्राहकों को बार-बार होने वाले ऑनलाइन पेमेंट्स पर पहले से कहीं ज्यादा कंट्रोल मिलेगा और बिना उनकी मर्जी के खाते से पैसे कटना मुश्किल हो जाएगा।

15 हजार रुपये तक के लेनदेन के लिए नहीं होगी हुज्ञक्क की जरूरत




आरबीआई के नए ई-मैंडेट फ्रेमवर्क के मुताबिक, अब बार-बार होने वाले पेमेंट्स यानी ऑटो डेबिट के लिए 15,000 रुपये की नई लिमिट तय कर दी गई है। सबसे बड़ी राहत यह है कि इस लिमिट तक के ऑटो-पेमेंट के लिए अब ग्राहकों को ओटीपी या पिन डालने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि, सुरक्षा के लिहाज से ग्राहकों को पहली बार रजिस्ट्रेशन करते समय एक बार एडिशनल फैक्टर ऑथेंटिकेशन (एएफए) पूरा करना होगा। इसके बाद तय लिमिट के भीतर का पेमेंट अपने आप हो जाएगा, लेकिन 15,000 रुपये से ज्यादा के किसी भी लेनदेन के लिए ओटीपी के जरिए अतिरिक्त सत्यापन करना अनिवार्य होगा।

बीमा और क्रेडिट कार्ड बिल के लिए मिली 1 लाख तक की छूट

सामान्य डिजिटल लेनदेन के अलावा, केंद्रीय बैंक ने कुछ विशेष और बड़े भुगतानों के लिए इस लिमिट को काफी बढ़ा दिया है। नए नियमों के तहत बीमा प्रीमियम का भुगतान, म्यूचुअल फंड की किश्त और क्रेडिट कार्ड बिल सेटलमेंट जैसे जरूरी ट्रांजैक्शंस के लिए यह लिमिट एक लाख रुपये प्रति लेनदेन तय की गई है। इसके साथ ही रेगुलेटर ने यह भी अनिवार्य कर दिया है कि हर रजिस्टर्ड मैंडेट की टाइमलाइन स्पष्ट रूप से तय होनी चाहिए, ताकि ग्राहकों का पूरा नियंत्रण बना रहे और वे अपनी मर्जी के अनुसार इसे कभी भी बदल सकें या हमेशा के लिए रद्द कर सकें।

खाते से पैसे कटने के 24 घंटे पहले मिलेगा प्री-डेबिट अलर्ट

नए नियमों में ग्राहकों की सुरक्षा और पारदर्शिता को बढ़ाते हुए अलर्ट सिस्टम को पूरी तरह से अनिवार्य कर दिया गया है। अब बैंकों को किसी भी रिकरिंग पेमेंट या ऑटो डेबिट से कम से कम 24 घंटे पहले ग्राहक के मोबाइल पर प्री-डेबिट की सूचना भेजनी होगी। इस अलर्ट मैसेज में मर्चेंट के नाम से लेकर कटने वाली कुल रकम और डेबिट की तारीख स्पष्ट रूप से दर्ज होगी। इस नियम का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यदि ग्राहक चाहे तो वह पैसे कटने से पहले ही उस पेमेंट को आसानी से कैंसिल कर सकता है। ऑटो डेबिट होने से पहले और पैसे कटने के तुरंत बाद भी ग्राहकों को बैंक की तरफ से फटाफट अलर्ट भेजा जाएगा।

# सम्पादकीय



अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## लोगों के मन पर संदेह

सवाल यह नहीं है कि निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष है या नहीं। प्रश्न है कि इसको लेकर लोगों के मन में संशय क्यों है? शक भरे माहौल के कारण ही राजनीतिक गुटों के लिए लोगों को भड़काना आसान हो गया है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले माहौल अशांत और अराजक किस्म का है। लोगों के मन पर संदेह और आशंकाओं का साया है। इसकी ही मिसाल मालदा जिले में कलियाचक में देखने को मिली। वहां विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद तैयार मतदाता सूची पर आई आपत्तियों को निपटाने के काम में लगे न्यायिक अधिकारियों को प्रखंड कार्यालय में दस घंटों तक भीड़ ने बंधक बनाकर रखा। अहम मुद्दा यह नहीं है कि इसके पीछे किसका हाथ था। काबिल-ए-गौर यह है कि वहां महिलाओँ और बच्चों समेत ऐसी भीड़ जुटी, जिसके आक्रोश से न्यायिक अधिकारियों को बचाने में घंटों लग गए। सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही इस पर नाराजगी जताई। मगर, इसके लिए सिर्फ स्थानीय अधिकारियों को जवाबदेह मानना सही नहीं होगा। असल उत्तरदायित्व निर्वाचन आयोग का है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से आयोग ने राज्य में अफसरों के रिकॉर्ड- 480 से अधिक- तबादले किए हैँ। इसलिए ऊपर से नीचे तक जो भी अधिकारी तैनात हैं, कर्त्तव्य निर्वहन में उनकी खामी का सर्वोच्च दायित्व आयोग पर जाता है। बहरहाल, उससे भी बड़ा मसला एसआईआर को जिस तरह किया गया, वो है। इस पर दस लाख आपत्तियों आईं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट के दबाव में जल्दबाजी में निपटाया गया। नतीजतन, ये धारणा बनी कि आयोग ने अपना काम ठीक से नहीं किया है।इसी कारण विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम तरह की 'साज़िशाना कहानियों' को बल मिला है। सवाल यह नहीं है कि निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष है या नहीं। प्रश्न है कि इसको लेकर लोगों के मन में संशय क्यों है? शक के ऐसे ही माहौल के कारण राजनीतिक गुटों के लिए लोगों को भड़काना आसान हो गया है। राज्य में माहौल कैसा है, इसकी कुछ झलक सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियों से भी मिली है। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि न्यायालय का हस्तक्षेप भी उन कारणों को दूर नहीं कर पाया, जिनकी वजह से चुनाव प्रक्रिया को लेकर अविश्वास का माहौल बना है। अत: निर्वाचन आयोग की जवाबदेही तय किए जाने की जरूरत है, जिसके तौर-तरीकों से भारत के चुनावों की साख पर सवाल गहराते जा रहे हैं।

## पश्चिम बंगाल में माइनोरिटी, मेजॉरिटी, मसल्स, मनी, मैनेजमेंट, ममता और मोदी का चुनाव है

अजय दीक्षित

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव एक साधारण चुनाव नहीं है जिसमें सत्ता की लड़ाई हो। दो विचारों, अस्मिता, बर्चस्व, अस्तित्व की संघर्ष की लड़ाई यहां से बंगाल कहां जाएगा यह तय होगा। सही मायनों माइनोरिटी, मेजॉरिटी, मसल्स, मनी, मैनेजमेंट, ममता और मोदी की लड़ाई है।294 सदस्यीय विधानसभा सीटों में से 142 पर 23 को अप्रैल वोट डाले जाएंगे। गार्जियन के चीफ एडिटर चित्रा घोष कहती है कि इस बार भारतीय जनता पार्टी बहुत ही सादे भेष में चुनाव लड़ रही है। उसने 2021तरह इस बार ममता बनर्जी को बिना नाम लिए सरकार पर हमला किया है उल्लेखनीय है कि ममता बनर्जी ने बंगाल से सीपीएम जैसी कादर आधारित पार्टी 2011के विधानसभा चुनाव में उखाड़ दिया था लेकिन 2006 विधानसभा चुनाव में तुड़मूल कांग्रेस ने केवल 35 सीट प्राप्त की थी।तब बंगाल में सीपीएम सीपीई की सरकार बनी थी लेकिन 2010 में मुख्यमंत्री बासुदेव भट्टाचार्य ने टाटा को कार बनाने के लिए नंदीग्राम में जगह दी थी वही से ममता बनर्जी का राजनीतिक उदय हुआ।2011 में सीपीएम विधानसभा चुनाव हार गई । हिंदू के संपादक जयंत घोषाल कहते हैं कि 2026 का विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी का चुनाव है।2021 में भारतीय जनता पार्टी ने 40 प्रतिशत वोट हासिल किए और 77 विधायक चुने गए। तुड़मूल कांग्रेस ने 200 से अधिक सीट प्राप्त किया। कभी ब्रिटिश राज्य की राजधानी रही कोलकाता को महलों , इमारतों का शहर माना जाता है। ब्रिटिश राज्य सबसे पहले बंगाल में कायम हुआ ।

## (विचार-मंथन) चुनाव आयोग की तार्किक विसंगति बनाम अतार्तिक विसंगति ?

( लेखक- सनत जैन

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में तार्किक विसंगति के नाम पर 27 लाख, 10 हजार नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए हैं। इन नागरिक मतदाताओं को अंतिम समय तक वोट डालने का अधिकार नहीं मिला। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 19 न्यायाधिकरण भी बनाए गए। यह भी मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा नहीं कर पाए। लाखों की संख्या में मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो गए। यह सब लोकतांत्रिक, संवैधानिक संस्थाओं ने अधिकारों के नाम पर किया है। इस प्रक्रिया में इन लाखों मतदाताओं के अधिकार कहां चले गए। इसमें कौन सा तर्क है, और कौन सा वितर्क है? इसका जवाब कोई नहीं दे रहा है। जो ट्रिब्यूनल सुप्रीम कोर्ट आदेश पर बनाए गए थे, उन्हें मतदान के दो दिन पहले तक सुनवाई कर निर्णय देना था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में दो दिन पहले तक मतदाता सूची को अपडेट करने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग को दी थी। याचिकाकर्ताओं को सुप्रीम कोर्ट में भरोसा दिलाया गया था, मतदाताओं के साथ न्याय होगा। सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, ट्रिब्यूनल सब जगह मतदाता घूमते रह गए। कहीं से भी न्याय नहीं मिला। लाखों मतदाताओं ने सुनवाई के लिए ट्रिब्यूनल में आवेदन लगाए। 21 अप्रैल तक मात्र 138 लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए। चुनाव आयोग ने तार्किक विसंगति के पक्ष में जो तर्क सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में दिए थे, वह सब हवा-हवाई साबित हुए। 2002 की मतदाता सूची में जिन मतदाताओं के नाम थे, तार्किक विसंगति के नाम पर उनके भी नाम काट दिए गए। इसका क्या तर्क है, यह चुनाव आयोग नहीं बता पा रहा है। इसको देखते हुए यही कहा जा सकता है- समरथ को नहीं दोष गुसाईं। चुनाव आयोग ने तार्किक विसंगति के नाम पर पहले 60 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम




काट दिए। जिनके नाम कटे उसमें सारे गरीब- गुरवे थे, जो कई दिनों तक नाम जुड़वाने के लिए अपनी नौकरी, कारोबार, मजदूरी छोड़कर चक्कर लगाते रह गए। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के नाम पर उन्हें भूखा भी रहना पड़ा। मजदूरी पर नहीं जाने के कारण उनके परिवार के लोगों को खाने-पीने और आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। जिस जनता के अधिकारों के लिए चुनाव आयोग, हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट व राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है, वह उनके अधिकारों की रक्षा करने में सफल नहीं हो पाए। तार्किक विसंगति के नाम पर सही मतदाता सूची को बनाने के नाम पर लाखों मतदाताओं के नाम जोड़ने की जगह काटे गए है। करोड़ों रुपए इसमें सरकारी खजाने से खर्च किए गए। कई राज्यों के न्यायिक अधिकारियों को चुनाव के काम में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से लगा दिया गया। इसका कोई फायदा ही नहीं हुआ। गरीब आखिर गरीब ही होता है। गलती कोई भी करे, गरीब के नसीब में यदि कष्ट लिखा हुआ है, तो कोई क्या कर सकता है। चुनाव आयोग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए तार्किक विसंगति की जो रूपरेखा तय की थी, उसका उपयोग केवल पश्चिम बंगाल में किया गया है। चुनाव आयोग और उसमें काम करने वाले लोगों ने डाटा एंट्री मे जो गलती की हैं, उनके द्वारा तैयार किए गए सॉफ्टवेयर की गलतियों का खामियाजा पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को भोगना पड़ा है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। सबसे बड़ी आशंका की बात यह है, बांग्लादेश में जब शेख हसीना का चुनाव हुआ था। वहां पर भी कुछ इसी तरह की स्थितियां बनी थीं। बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने शेख हसीना की पार्टी को चुनाव जिताने के लिए जो मदद की थी, अब वही सब कुछ पश्चिम बंगाल में देखने को मिल रहा है। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव में जिस तरह की क्रिया और प्रतिक्रिया की जा रही है। उसके परिणाम किस रूप में सामने आयेंगे कहना मुश्किल है। बांग्लादेश में भी बंगाली समुदाय और बंगाली संस्कृति के नागरिक थे। पश्चिम बंगाल में भी बंगाली हैं। बंगालियों का डीएनए एक तरह का है। यह आसानी से अपने ऊपर जुल्म बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। यह बंगालियों का इतिहास है। तार्किक विसंगति के नाम पर कुतर्क का जो खेल पश्चिम बंगाल में खेला गया है, उसकी परणति किस रूप में होगी इसका पता तो भविष्य में ही चलेगा।

## रुड़की तहसील का कायाकल्प कर दिखाया युवा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक ने!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

यूँ तो रुड़की का नाम दुनिया के नक्शे पर इंजीनियर नगरी के रूप में जाना जाता है।सैन्य इंजीनियरिंग के क्षेत्र में मिनटों में पुल बनाकर व चंद घण्टो में सड़क बनाकर युद्ध व शांतिकाल में बहादुरी व उपलब्धियों की इबारत लिखने वाले बंगाल सैपर्स पर जहां हमे नाज़ है,वही रुड़की के वर्तमान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेट ने स्वयं धरातल से जुड़कर रुड़की के सौंदर्यीकरण का नया इतिहास लिख डाला है।जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की पहल पर उन्होंने रुड़की को संवारने के लिए स्वच्छता अभियान को पहले गति दी और स्वयं भी इस अभियान का हिस्सा बनकर आमजन को स्वच्छता से जोड़ने में सफल रहे है।उन्होंने रुड़की शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। रुड़की तहसील परिसर में सौंदर्यकरण कार्यों का विधिवत उद्घाटन कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा और जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस दौरान तहसील परिसर को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप में विकसित कर जनता को समर्पित किया गया। कार्यक्रम में कंप्यूटर सेंटर के प्रथम बैच का शुभारंभ भी किया गया, जिससे स्थानीय युवाओं को तकनीकी शिक्षा का लाभ मिलेगा। साथ ही, छात्राओं को बैग वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

# रेल पटरियों का आधुनिकीकरण

अश्विनी वैष्णव

भारत में हर दिन 25,000 से अधिक ट्रेनें चलती हैं। वे प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक यात्रियों को ले जाती हैं और कोयला, लौह अयस्क, अनाज, स्टील, सीमेंट तथा अन्य वस्तुओं की बड़ी मात्रा को 1,37,000 किलोमीटर से अधिक लंबे रेल नेटवर्क पर एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाती हैं।

पूरी व्यवस्था जिस आधार पर काम करती है, वह रेल पटरी है। जब पटरी अच्छी स्थिति में होती है, तब ट्रेनें सुरक्षित रूप से अधिक गति से चलती हैं। लेकिन जब पटरी खराब होती है, तो इसके परिणाम गति पर रोक, देरी और सुरक्षा संबंधी जोखिम के रूप में सामने आते हैं। रेल की पटरी में दरार, कोई ढीला पुर्जा या गिट्टी की परत में रुकावट, इनमें से कोई भी चीज ट्रेन की चाल को प्रभावित कर सकती है।

रेल पटरियों के महत्व को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रेलवे ने एक दशक से अधिक समय पहले व्यापक आधुनिकीकरण कार्यक्रम शुरू किया। इस कार्य में आधुनिक मशीनों से पटरियों का नवीनीकरण, उन्नत तरीकों से जांच और निरीक्षण, मशीनीकृत रखरखाव, सुरक्षा बाड़बंदी आदि शामिल थे। इन सभी प्रयासों ने मिलकर रेल नेटवर्क की स्थिति को स्पष्ट रूप से बदल दिया है।

2014 से अब तक लगभग 55,000 किलोमीटर पटरियों का नवीनीकरण किया गया है, जिससे सुरक्षा और यात्रा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है तथा बार-बार मरम्मत की आवश्यकता कम हुई है। लगभग 44,000 ट्रैक किलोमीटर में 260 मीटर लंबे रेल पैनल बिछाए गए हैं। लंबे पैनलों का अर्थ है कम जोड़, जिससे ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुगम और सुरक्षित होती है। अब 80,000 ट्रैक किलोमीटर से अधिक हिस्से में मजबूत 60 किलोग्राम वाली रेल पटरियों का उपयोग हो रहा है, जो



अधिक भार और तेज गति का समर्थन करती हैं।

मजबूत रेल पटरी बिछाना जरूरी है, लेकिन समय रहते खराबी पकड़ना भी उतना ही जरूरी है। छिपी हुई दरारों को खोजने के लिए अल्ट्रासोनिक जांच की गई है। इसके तहत करीब 36.2 लाख ट्रैक किलोमीटर और 2.25 करोड़ वेल्ड की जांच हुई। इससे रेल और वेल्ड टूटने की घटनाएं करीब 90 प्रतिशत तक कम हो गई हैं। यानी अब खराबी होने के बाद उसे ठीक करने के बजाय पहले ही पकड़कर रोक लिया जाता है।अब रेलवे में दूसरी आधुनिक जांच तकनीकें भी इस्तेमाल हो रही हैं। नई वेल्ड की जांच के लिए चुंबकीय जांच, फ्लैश-बट वेल्ड की जांच के लिए नई मशीनें और जीपीएस से जुड़ी ऐसी व्यवस्था लगाई गई है, जो ट्रेन की यात्रा की गुणवत्ता मापती है और पटरी के खराब हिस्से की सही जगह बता देती है।

भारतीय रेलवे की ट्रैक मशीनों की संख्या 2014 में 748 थी, जो 2026 में बढ़कर 1,785 हो गई है। ये मशीनें पटरी को ठीक करने, गिट्टी साफ करने और रेल को घिसकर बराबर करने का काम हाथ से होने वाले काम की तुलना में ज्यादा तेज, बेहतर और एक समान तरीके से करती हैं।

पटरी के नीचे बिछी गिट्टी की परत को साफ करने में मशीनों ने बड़ा फर्क पैदा किया है। यही गिट्टी पानी निकालने, कंपन कम करने और पटरी को मजबूत बनाए रखने का काम करती है। लेकिन समय के साथ ट्रेनों के लगातार वजन और कंपन से ये पत्थर टूटकर पाउडर जैसे हो जाते हैं। इससे गिट्टी की परत जाम हो जाती है और वह ठीक से काम नहीं कर पाती।

इसलिए गिट्टी की सफाई की जाती है, ताकि पटरी फिर से सही हालत में आ जाए। यह काम एक लाख किलोमीटर से ज्यादा रेल पटरियों पर किया जा चुका है और ज्यादातर काम मशीनों से हुआ है। इसी तरह पटरी की ऊपरी सतह की खराबी दूर करने के लिए भी एक लाख किलोमीटर से ज्यादा रेल की ग्राइंडिंग की गई है। इससे ट्रेन का सफर ज्यादा आरामदायक और सुरक्षित हुआ है।

हर साल ट्रेनों की संख्या बढ़ रही है, इसलिए ट्रेनों के बीच रखरखाव के लिए मिलने वाला समय कम होता जा रहा है। ऐसे में मशीनों की मदद से कम समय में ज्यादा काम हो जाता है और ट्रेन सेवाएं भी प्रभावित नहीं होतीं। लेकिन सुरक्षा सिर्फ पटरी पर नहीं, बल्कि वहां भी जरूरी है जहां ट्रेनें लाइन बदलती हैं। इसलिए भारतीय रेलवे ने पटरी बदलने के साथ कई दूसरे सुधार भी किए हैं। करीब 17,500 किलोमीटर तक सुरक्षा के लिए बाड़ लगाई गई है, खासकर उन जगहों पर जहां ट्रेनें 110 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा रफ्तार से चलती हैं। इससे लोगों और जानवरों के पटरी पर आने की घटनाएं कम होती हैं।जहां ट्रेनें एक लाइन से दूसरी लाइन पर जाती हैं, वहां 36,000 नए और मजबूत स्विच लगाए गए हैं और 7,500 खास तरह के क्रॉसिंग लगाए गए हैं। ये ज्यादा समय तक चलते हैं और ट्रेन को बिना झटके के गुजरने देते हैं।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे जिनसे अच्छा ताल मेल बनेगा। छात्रों को आज किसी प्रैक्टिकल में सहपाठी की मदद मिलेगी, कार्य में आसानी होगी। राजनीति से जुड़े लोगों का पद बढ़ेगा, लोग आपका सपोर्ट करेंगे।

वृष राशि: वृष राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। घर के किसी काम को लेकर आप बड़ा फैसला कर सकते हैं। संतान की ओर से आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। पसंदीदा खाना खाने के लिए आप अच्छी डिश आर्डर कर सकते हैं।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जायेंगे, जहां खूब इंजॉय करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को सफलता मिलती रहेगी। दाम्पत्य जीवन में चल रही नोक झोंक खत्म होगी, जीवनसाथी के साथ रिश्ता मजबूत बनेगा।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए मिला जुला अनुभव लेकर आएगा। लवमेट आज घूमने जाने का प्लान बनायेंगे। प्रतियोगी परीक्षा के लिये प्रयासरत छात्रों को बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा। स्वास्थ सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा। ऑफिस में नया टारगेट मिलने से मन प्रसन्न रहने वाला है।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आपका दिन आपके परिवार वालों के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आज आपको शुभ सन्देश मिल सकता है, परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। कामकाज के मामले में परिस्थिति बेहतर रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप कुछ बेहतर करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं, काम करने में आसानी होगी। आज काम करने से पहले उसकी रूपरेखा जरूर बना लें। अपने आप पर विश्वास रखने से सफलता अवश्य मिलेगी। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज किसी बात को सोचकर आपका मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन बौद्धिक आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यस्थल पर अफसरों के साथ सद्भाव बनाकर रखेंगे। आपको तरक्की के मौके मिलेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और सकारात्मक व्यवहार के जरिए कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलेंगे।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं। बिजनेस करने वालों को किसी अच्छी कंपनी से जुड़कर बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा मौका मिलेगा। बिजनेस से रिलेटेड यात्रा करनी पड़ेगी। आप कुछ अनुभवी लोगों से मिलेंगे जिससे आपको आगे चलकर लाभ मिलेगा। व्यापार में आपको काफी अच्छे फायदे देखने को मिलेंगे।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज आपके लिए दिन पॉजिटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। आपके लिए पदोन्नति के आसार हैं। आपका वेतन भी बढ़ सकता है। कार्य स्थल पर समझदारी पूर्वक लिए गए फैसले आपको बेहतर परिणाम देंगे। आपके कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे।

कुंभ राशि: कुंभ राशि वालों आज आपका दिन अच्छे पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रुका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे तो फायदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक शाम का प्रोग्राम बन सकता है। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है।

मीन राशि: मीन राशि वालों आज आपका दिन आपके लिए बहुत ही खास होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा जिससे आपका कॉन्फिडेंस बढेगा।

## क्यों सुसाइड कर रहे हैं एनआईटी के होनहार ?

– मनोज कुमार अग्रवाल

देश के प्रतिष्ठित कुरुक्षेत्र स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) में द्वितीय वर्ष की एक छात्रा अपने छात्रावास के कमरे में मृत पाई गई, जिससे पिछले दो महीनों में परिसर में संदिग्ध छात्र मृत्यु का यह चौथा मामला सामने आया है। एनआईटी कुरुक्षेत्र में एक और छात्रा की आत्महत्या! यह सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि सिस्टम की गंभीर विफलता का संकेत है। एनआइटी में प्रवेश पाने के लिए छात्र छात्राओं द्वारा कठोर परिश्रम कर पढ़ाई कर प्रवेश परीक्षा पास कर तकनीकी शिक्षा लेने का सपना पूरा करने का मौका बिरले छात्रों को मिल पाता है लेकिन जब ऐसे होनहार छात्र छात्राओं द्वारा मौत को गले लगाने का सिलसिला चलता है तो इस संस्थान के माहौल पर भी सवालिया निशान लगता है।

लगातार हो रही ऐसी घटनाएँ बताती हैं कि छात्रों का मानसिक दबाव, संस्थागत संवेदनहीनता और सपोर्ट सिस्टम की कमी अब खतरनाक स्तर पर पहुँच चुकी है।सरकार और प्रशासन कब जागेंगे ?

गुरुवार 16 अप्रैल, 2026 को जब दीक्षा दुबे ने अपने दोस्तों के फोन का जवाब नहीं दिया, तो वे उसके कमरे में पहुँचे और कमरा अंदर से बंद पाया। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीमें दोपहर करीब 3 बजे मौके पर पहुँचीं और दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो वह मृत पाई गईं, उन्होंने बताया। शव को पोस्टमार्टम के लिए एलएनजेपी सिविल अस्पताल भेज दिया गया है।

घटना के पीछे का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। आगे की कार्यवाही जांच के निष्कर्षों और परिवार के बयानों पर निर्भर करेगी। फरवरी से अब तक एनआईटी कुरुक्षेत्र में यह चौथा मामला दर्ज किया गया है।

आपको बता दें 16 फरवरी को तेलंगाना निवासी अंगोद शिव (19) अपने छात्रावास के कमरे में मृत पाए गए। प्रथम सेमेस्टर के छात्र अंगोद शिव संस्थान में कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग (सीएसई) की डिग्री हासिल कर रहे थे। नूह के एक अन्य छात्र ने 31 मार्च को एनआईटी कुरुक्षेत्र में आत्महत्या कर ली।

तीसरी संदिग्ध मौत की सूचना 8 अप्रैल को मिली, जब हरियाणा के सिरसा निवासी प्रियांशु शर्मा अपने छात्रावास के कमरे में मृत पाए गए। वह सिविल इंजीनियरिंग विभाग में बीटेक के तीसरे वर्ष के छात्र थे। हाल ही में 16 अप्रेल बिहार की रहने वाली 19 वर्षीय बीटेक छात्रा दीक्षा दुबे ने बृहस्पतिवार को कथित तौर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद यह समिति गठित की गई है।

छात्रा की मृत्यु के बाद परिसर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। दीक्षा दुबे की मृत्यु पिछले दो महीनों में परिसर में हुई इस तरह की चौथी घटना थी।

इतना ही नहीं 18 अप्रैल शनिवार देर रात करीब 12 बजे कल्पना छात्रावास में एक छात्रा ने आत्महत्या का प्रयास किया लेकिन मौके पर मौजूद अन्य छात्रों ने समय रहते उसे बचा लिया। बताया जा रहा है कि छात्रा ने एक मैसेज में लिखा था।।।मेरी जिंदगी का कोई मतलब नहीं। इस घटना के बाद कैंपस में तनाव और बढ़ गया।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र के कार्यवाहक निदेशक ब्रह्मजीत ने बताया कि प्रशासन ने छात्रों द्वारा उठाई गई कई मांगों को स्वीकार कर लिया है।

इन संदिग्ध मौतों के चलते कैंपस में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र देर रात मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए एकत्र हुए।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि छात्रावास के कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों का व्यवहार संतोषजनक नहीं था और उन्होंने स्थिति से निपटने के तरीके पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने घटना के सामने आने के बाद प्रतिक्रिया में लगने वाले समय पर भी सवाल उठाया।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र ने परिसर में हाल में छात्रों के आत्महत्या के मामलों की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। साथ ही छात्रों की समस्याओं की जांच के लिए तीन अलग-अलग समितियां भी बनाई हैं। जांच समिति इस मुद्दे पर छात्रों, प्रोफेसर, वार्डन और अन्य कर्मचारियों के साथ बातचीत करेगी। एनआईटी के जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर ज्ञान भूषण ने रविवार को कहा कि परिसर में हाल में हुई आत्महत्या की घटनाओं की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है। समिति की अध्यक्षता छात्र कल्याण विभाग की डीन प्रोफेसर लिली दीवान कर रही हैं और इसमें प्रोफेसर जे।के। कपूर, प्रोफेसर प्रवीण अग्रवाल, डॉ। संदीप सिंघल और डॉ। मनोज सिन्हा शामिल हैं।

पुलिस ने बताया था कि दुबे की कथित आत्महत्या के बाद शुक्रवार रात को बीटेक प्रथम वर्ष की एक अन्य छात्रा ने भी कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया था।मूल रूप से महाराष्ट्र की निवासी छात्रा ने कथित तौर पर धमकी दी और छात्रावास की इमारत से कूदने की कोशिश की, लेकिन उसके सहपाठियों ने उसे रोक लिया।संस्थान में मौजूदा स्थिति को देखते हुए और सभी छात्रों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी छात्रों के लिए अगले आदेश तक अवकाश रहेगा। एनआईटी प्रशासन की ओर से जारी एक नोटिस के अनुसार, उन्हें 19 अप्रैल तक अपने छात्रावास खाली करने होंगे। छात्रावासों में रह रहे लगभग 5,300 छात्रों में से 2,500 से अधिक छात्रों ने संस्थान के नोटिस के बाद शनिवार तक अपने कमरे खाली कर दिए। दूरदराज के राज्यों से आने वाले छात्रों के लिए स्थिति विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण रही है।प्रशासन ने कहा कि प्रायोगिक परीक्षाओं समेत संशोधित परीक्षा कार्यक्रम की सूचना उचित समय पर दी जाएगी। छात्रों को परीक्षा शुरू होने से काफी पहले सूचित कर दिया जाएगा। हालांकि छात्रों का आरोप है कि पहले बनी जांच कमेटी ने भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया। कुछ छात्रों ने यह भी कहा कि उन्हें मानसिक दबाव और परेशान किया जा रहा है।





# भारत का ईंधन उत्पादन कम हो गया है आयात विविधीकरण लड़खड़ा गया है : मल्लिकार्जुन खरगे

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा सरकार पर ईंधन और उर्वरक सुरक्षा में दोहरी विफलता का आरोप लगाते हुए कहा कि कच्चे तेल और गैस उत्पादन में भारी गिरावट आई है। उन्होंने सरकार पर परिसीमन जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया, जबकि होर्मुज जलडमरूमध्य में भारतीय जहाज फंसे हुए हैं और किसान उर्वरक की कमी से जूझ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय सरकार पर देश के ईंधन और उर्वरक आपूर्ति को सुरक्षित करने में विफल रहने और परिसीमन के नाटक के माध्यम से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत का ईंधन उत्पादन कम हो गया है, आयात विविधीकरण लड़खड़ा गया है, और होर्मुज जलडमरूमध्य में भारतीय ध्वज वाले 14 जहाज फंसे हुए हैं। खरगे ने X पर लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने परिसीमन के हथकंडों के जरिए अपनी विफलताओं और एपस्टीन फाइल




के गंभीर आरोपों से ध्यान हटाने की कोशिश की, लेकिन भारत ने इस दिखावे को भांप लिया। भाजपा देश के लिए ईंधन और उर्वरक सुरक्षा सुनिश्चित करने में बुरी तरह विफल रही है। खरगे ने आगे कहा कि उत्पादन में गिरावट आई है, आयात विविधीकरण विफल रहा है, होर्मुज जलडमरूमध्य में हमारे जहाजों को सुरक्षित मार्ग नहीं मिल पा रहा है। भारतीय ध्वज वाले 14 जहाज 54 दिनों से वहां फंसे हुए हैं। मोदी सरकार की वजह से भारत का कच्चा तेल उत्पादन 2025-26 में लगातार 11वें वर्ष गिर रहा है। कुल कच्चे तेल उत्पादन में 2014-15 से लगभग 22त्न की गिरावट आई है। खरगे ने आगे बताया कि गैस उत्पादन में लगभग 40 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो 2011-12 में 47,555 मिलियन माइक्रोमीटर सेमी (MMSCM) से गिरकर 2020-21 में 28,672 मिलियन माइक्रोमीटर सेमी (MMSCM) हो गया है। उर्वरक भंडार के बारे में उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक उथल-पुथल से पहले भी, कई मौसमों में उर्वरक की कमी की खबरें आ रही थीं। भाजपा की उदासीनता के दुष्परिणामों से भारतीय किसान बुरी तरह पीड़ित हैं! उन्होंने आगे कहा कि मार्च 2026 में उर्वरक उत्पादन पांच साल के निचले स्तर पर आ गया, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 24.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि चीन ने जुलाई 2025 में ही विशेष उर्वरकों पर प्रतिबंध लगा दिया था।



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले, हुगली जिले के बालागढ़ में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित एक जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का अभिनंदन किया जा रहा है।

## भांजी से प्रेम विवाह का खौफनाक बदलाः कुल्हाड़ी-डंडों से युवक का कत्ल, 2 गिरफ्तार

कौशांबी (ए.)। कौशांबी के करारी थाना क्षेत्र में प्रेम विवाह की रंजिश में हुई भारत सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने दो इनामिया आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों ने 2019 में हुए प्रेम विवाह से नाराज होकर कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर हत्या की थी. दोनों पर 5-5 हजार का इनाम घोषित था.कौशांबी जिले के करारी थाना क्षेत्र के अड़हरा गांव में हुए भारत सिंह हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. मामले में फरार चल रहे दो इनामिया आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इससे पहले पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी जानकारी के अनुसार, 19 अप्रैल की रात अड़हरा गांव में भारत सिंह की हत्या कर दी गई थी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाते हुए मामला दर्ज किया गया. पुलिस ने शुरुआती कार्रवाई करते हुए आरोपी अशोक कुमार पाण्डेय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. वहीं फरार चल रहे दो आरोपियों आकाश पाण्डेय और अंकित पाण्डेय पर पांच-पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था. पुलिस की लगातार दबिश और तलाश जारी थी, जिसके बाद आखिरकार दोनों इनामिया आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए. पूछताछ के दौरान आरोपियों ने हत्या के पीछे की वजह का खुलासा किया. उन्होंने बताया कि मृतक भारत सिंह ने वर्ष 2019 में उनकी भांजी से प्रेम विवाह किया था. इस विवाह से परिवार के लोग नाराज थे और इसी कारण दोनों पक्षों के बीच रंजिश बनी हुई थी।



टिहरी गढ़वाल ज़िले में चंबा-कोटी कॉलोनी सड़क पर नाइल के पास एक वाहन के खाई में गिरने के बाद, पुलिस और एसडीआरएफ के जवानों ने बचाव अभियान चलाया; इस हादसे में आठ लोगों की जान चली गई।

## यूपीएमएसपी ने घोषित किया 10वीं एवं 12वीं कक्षा के परिणाम कशिश-अंशिका और इंटर में शिखा ने किया टॉप

लखनऊ (ए.)। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपीएमएसपी) ने 23 अप्रैल को शाम 4 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कक्षा 10वीं और 12वीं के 2026 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। छात्र अब upmsp.edu.in और upresults.nic.in पर अपना रोल नंबर और जन्मतिथि दर्ज करके अपने स्कोर देख सकते हैं, इ या DigiLocker के माध्यम से अपनी डिजिटल मार्कशीट प्राप्त कर सकते हैं। डिजिटल मार्कशीट अनंतिम होगी, मूल प्रतियां संबंधित विद्यालयों द्वारा बाद में जारी की जाएंगी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने परिणाम के साथ-साथ कक्षा 10 के टॉपरों की सूची जारी कर दी है। इस वर्ष, शीर्ष रैंक असाधारण रूप से उच्च प्रतिशत अंकों के साथ हासिल की गई हैं, जो सभी जिलों में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन को दर्शाती हैं।

शीर्ष रैंक धारक (कक्षा 10): कशिश वर्मा - 97.83 प्रतिशत, अंशिका वर्मा - 97.83 प्रतिशत, द्वितीय रैंक: अदिति - 97.50 प्रतिशत, तृतीय रैंक (संयुक्त): अर्पिता - 97.33 प्रतिशत ऋषभ साहू - 97.33 प्रतिशत, परी वर्मा - 97.33 प्रतिशत।

**यूपी बोर्ड 12वीं के टॉपर 2026**

इंटरमीडिएट के नतीजों में भी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया, शीर्ष स्तर पर छात्रों ने 97 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

शीर्ष रैंक धारक (कक्षा 12): शिखा वर्मा - 97.60 प्रतिशत, द्वितीय रैंक (संयुक्त): नंदनी गुप्ता - 97.20 प्रतिशत, श्रिया वर्मा - 97.20 प्रतिशत, तृतीय रैंक (संयुक्त): सुरभि यादव - 97.00 प्रतिशत, पूजा पाल - 97.00 प्रतिशत



**लड़कियाँ लड़कों से बेहतर प्रदर्शन करती रहीं**

यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 के नतीजों में लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है, चाहे वह पास प्रतिशत हो या शीर्ष अंक प्राप्त करने वालों में प्रतिनिधित्व। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के आंकड़ों से पता चलता है कि छात्राएँ न केवल मेरिट सूची में प्रमुखता से शामिल हैं, बल्कि सभी जिलों में भी उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर बना हुआ है। पिछले कुछ वर्षों से देखा जा रहा यह रुझान लड़कियों के समग्र शैक्षणिक परिणामों की उच्चतरता को दर्शाता है, जो कुल परिणामों और शीर्ष रैंकों दोनों में परिलक्षित होता है।

**उत्तीर्ण प्रतिशत 90.42 प्रतिशत**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने यूपी बोर्ड कक्षा 10 के 2026 के परिणामों में लगभग 90.42 प्रतिशत उत्तीर्ण प्रतिशत दर्ज किया है, जो पिछले वर्षों की तुलना में स्थिर प्रदर्शन दर्शाता है। यह आंकड़ा हाल के रुझानों के अनुरूप है, जहां हाई स्कूल उत्तीर्ण प्रतिशत लगातार 90 प्रतिशत के आसपास बना हुआ है, जो राज्य भर में स्थिर शैक्षणिक परिणामों को दर्शाता है।

## शादी में नेग को लेकर किन्नरों का तांडव, बरसाईं गोलियां, दूल्हे का भतीजा घायल



बदायूं (ए.)। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में शहनाई की गूंज गोलियों की तड़तड़ाहट में बदल गई. नेग के नाम पर किन्नरों की वसूली का ऐसा नंगा नाच हुआ कि शादी का मंडप खून से लाल हो गया. पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार रात थाना कुंवर गांव क्षेत्र के हुसैनपुर गांव में प्रेम शंकर की बेटी की बारात मूसाझाग थाना क्षेत्र के कथरा निवासी नेमचंद के बेटे से तय हुई थी. फेरों से ठीक पहले आधा दर्जन किन्नर एक बोलेरो कार से उतरे और दूल्हे के पिता से 11 हजार रुपये का नेग मांगा. दूल्हे के पिता ने 1100 रुपये देने की बात कही तो किन्नरों का पारा सातवें आसमान पर चढ़ गया. देखते ही देखते बात गाली-गलौज से शुरू हुई और सीधे लाठी डंडों और गोलियों पर आ गई. बहस बढ़ी तो एक किन्नर कार से तमंचा निकाल लाया और अंधाधुंध फायरिंग कर दी. गोली दूल्हे के भतीजे गौरव (16) निवासी ग्राम कथरा को जा लगी. पलभर में खुशियों वाला घर मातम में बदल गया. बारात में भगदड़ मच गई, लोग जान बचाकर भागने लगे. ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. आखिर में ग्रामीणों ने भी हिम्मत दिखाई और छह किन्नर दबोच लिए. फायरिंग की घटना से भड़के गांववाले किन्नरों पर टूट पड़े और उन्हें पीटने लगे. बाद में उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया. फिलहाल, मौके पर पहुंची कुंवरगांव पुलिस ने घायल गौरव को जिला अस्पताल भिजवाया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश उपाध्याय ने बताया कि किन्नरों की कार की तलाशी में दो तमंचे, जिंदा कारतूस, कैंची और लाठी-डंडे बरामद हुए हैं, जिससे मालूम होता है कि किन्नर नेग मांगने ही नहीं, पूरी तैयारी से बवाल काटने आए थे. हिरासत में लिए गए छह किन्नरों में सपा किन्नर महासभा का जिलाध्यक्ष भी शामिल है. पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई, सेक्सटॉर्शन व जबरन वसूली के मामले में महिला क्रिकेटर और उसका भाई गिरफ्तार



मुंबई ,(आरएनएस)। मुंबई क्राइम ब्रांच ने जम्मू-कश्मीर टी-20 लीग से जुड़ी एक महिला क्रिकेटर को उसके भाई के साथ गिरफ्तार किया। दोनों को नई दिल्ली के एक होटल से पकड़ा गया। इसके बाद उनके सहयोगी उद्दीन इम्तियाज वानी (22) को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फरखंदा खान (30) और उसके भाई बाजिल खान (27) के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के अनुसार, शिकायतकर्ता कोलाबा का रहने वाला 28 वर्षीय व्यवसायी है। वर्ष 2024 में पश्चिमी उपनगरों में रहने के दौरान उसकी मुलाकात फरखंदा खान से हुई। मोबाइल चैट के जरिए दोनों के बीच परिचय बढ़ा, जिसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर उससे आपत्तिजनक बातचीत शुरू की। बाद में उसने उसे अपने सहयोगी उद्दीन इम्तियाज वानी और भाई बाजिल खान से मिलवाया। पुलिस के मुताबिक 2024 में फरखंदा ने आर्थिक जरूरत का हवाला देते हुए शिकायतकर्ता से पैसे की मांग की। जब उसने मना किया, तो आरोपी ने उनकी निजी चैट सार्वजनिक करने की धमकी दी। दबाव में आकर शिकायतकर्ता ने 30 अप्रैल 2024 से 13 जनवरी 2026 के बीच 32 बैंक लेनदेन के जरिए कुल 23.61 लाख फरखंदा के बैंक खाते में ट्रांसफर किए। जांच में सामने आया कि इस रकम का बड़ा हिस्सा उद्दीन इम्तियाज वानी के खाते में भेजा गया। इसके अलावा कुछ धनराशि फरखंदा के पिता अब्दुल अजीज खान के खाते में भी ट्रांसफर की गई। आरोप है कि वानी और बाजिल खान ने भी शिकायतकर्ता को धमकाया कि उनके पास उसकी फरखंदा के साथ चैट के स्क्रीनशॉट हैं और वे उसे गंभीर परिणाम, यहां तक कि जेल भेजने की चेतावनी देते थे। जांच में यह भी पता चला कि इस मामले में पहला लेनदेन अप्रैल 2024 में 20,000 का था। आरोपी फरखंदा दिल्ली-एनसीआर के अंकुर विहार की निवासी है, उद्दीन वानी जम्मू-कश्मीर के खलापुर का रहने वाला है जबकि बाजिल खान जम्मू-कश्मीर के नूरखाव गांव का निवासी है।

## बद्री विशाल की जय' के जयकारों के साथ खुले बद्रीनाथ धाम के द्वार, सीएम धामी ने की पहली पूजा




चमोली,(आरएनएस)। उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में बसे बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलते ही पूरा माहौल भक्ति और आस्था से भर गया। गुरुवार सुबह ठीक 6 बजकर 15 मिनट पर जैसे ही मंदिर के द्वार खुले, वैसे ही 'बद्री विशाल की जय' के जयकारों से पूरा धाम गूंज उठा। कपाट खुलने की यह प्रक्रिया पूरी तरह विधि विधान और परंपराओं के अनुसार की गई। मंदिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रों के साथ भगवान बद्री विशाल की पूजा-अर्चना की और उसके बाद श्रद्धालुओं के लिए दर्शन शुरू हुए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट उद्घाटन के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा संपन्न कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस खास मौके पर हजारों की संख्या में भक्त वहां मौजूद थे। कई लोग तो रात से ही कतार में लग गए थे, ताकि सबसे पहले भगवान के दर्शन कर सकें। जैसे ही मंदिर के कपाट खुले, श्रद्धालुओं की आंखों में खुशी और श्रद्धा साफ झलक रही थी। कोई हाथ जोड़कर खड़ा था, कोई भावुक होकर प्रार्थना कर रहा था, तो कोई इस पल को अपने मोबाइल में कैद करने की कोशिश कर रहा था। हर किसी के चेहरे पर एक अलग ही सुकून और संतोष नजर आ रहा था। इस दौरान मंदिर परिसर को फूलों से खूबसूरती से सजाया गया था, जिससे उसकी भव्यता और भी बढ़ गई थी। सेना के बैंड ने भी अपनी मधुर धुनों से इस पावन अवसर को और खास बना दिया। पूरे वातावरण में एक सकारात्मक ऊर्जा महसूस हो रही थी। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा की भी विधिवत शुरुआत हो गई है।

# रणधीर जायसवाल ने कई अहम अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भारत का पक्ष रखा

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कई अहम अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भारत का पक्ष रखा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत को लेकर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी पर जब उनसे सवाल पूछा गया तो उन्होंने बड़ी संयमित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार ने इस विषय में सामने आयी रिपोर्टें देखी हैं और फिलहाल वह इससे अधिक कुछ नहीं कहना चाहेंगे। हम आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट साझा किया था, जिसमें भारत और चीन को नरक जैसे अपमानजनक शब्दों में संदर्भित किया गया था। इस पोस्ट में आव्रजन व्यवस्था और रोजगार से जुड़ी कई विवादास्पद



बातें कही गयी थीं। इस बयान के बाद भारत में राजनीतिक प्रतिक्रिया भी तेज हो गयी। कांग्रेस पार्टी ने इसे अत्यंत अपमानजनक बताते हुए सरकार से कड़ा रुख अपनाने की मांग की। पार्टी ने कहा कि यह टिप्पणी हर भारतीय की भावना को आहत करती है और प्रधानमंत्री को इस मुद्दे को अमेरिका के समक्ष उठाना चाहिए। हालांकि सरकार की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया बेहद संतुलित रही। विदेश मंत्रालय ने इस मामले में कोई तीखी टिप्पणी करने से परहेज किया और केवल इतना कहा कि उसने रिपोर्ट देखी है। इससे यह संकेत मिलता है कि भारत इस मुद्दे को कूटनीतिक तरीके से संभालना चाहता है। ब्रीफिंग में भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर भी जानकारी दी गयी। प्रवक्ता ने बताया कि भारत की एक टीम हाल ही में वॉशिंगटन गयी थी, जहां इस समझौते को लेकर बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि यह वार्ता रचनात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और दोनों देश एक संतुलित तथा पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं। लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को पांच सौ अरब डॉलर तक पहुंचाया जाए। इसके अलावा, भारत ने फ्रांस के साथ अपने संबंधों को लेकर भी एक महत्वपूर्ण प्रगति का स्वागत किया है।



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने नई दिल्ली में वार्षिक भारत-ब्रिटेन रणनीतिक वार्ता के दौरान अपने ब्रिटिश समकक्ष जोनाथन पॉवेल से मुलाकात की।

## पीयूष गोयल की बड़ी भविष्यवाणी, 4 मई को तमिलनाडु के सीएम बनेंगे पलानीस्वामी



नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कज़गम के महासचिव एडप्पाडी के पलानीस्वामी 4 मई को तमिलनाडु के अगले मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे। उन्होंने मतदान में हो रही वृद्धि पर संतोष भी व्यक्त किया। पत्रकारों से बात करते हुए गोयल ने कहा कि एडप्पाडी के पलानीस्वामी 4 मई को तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री बनेंगे। मुझे खुशी है कि पिछले ढाई वर्षों में तमिलनाडु में हमने जो काम किया है, उसके परिणाम अब मतदान प्रतिशत में दिखाई दे रहे हैं। ये परिणाम दर्शाते हैं कि चुनाव आयोग ने चुनावी प्रक्रिया को सुधारा है, जिसे ममता बनर्जी ने वर्षों से बाहरी लोगों को शामिल करके पूरी तरह से भ्रष्ट कर रखा था। गोयल ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह बिगड़ने का आरोप लगाते हुए टीएमसी और डीएमके सरकारों पर तीखा हमला किया और विश्वास व्यक्त किया कि दोनों राज्यों के सत्ताधारी परिवार जल्द ही सत्ता से बेदखल हो जाएंगे। गोयल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने कानून-व्यवस्था को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है; तमिलनाडु में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। मुझे पूरा विश्वास है कि तमिलनाडु में स्टालिन परिवार सत्ता से बेदखल हो जाएगा और ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के परिवारों द्वारा पश्चिम बंगाल की जनता के खिलाफ अपनाई जा रही डराने-धमकाने की रणनीति का अंत होगा, जिससे जनता शांति और सुकून से रह सकेगी। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के अनुसार, तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में भारी मतदान हुआ, शाम 5 बजे तक 82.24 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। दिन बढ़ने के साथ-साथ तमिलनाडु में मतदान में तेजी से वृद्धि हुई और कई जिलों में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। करूर में सबसे अधिक 89.32 प्रतिशत मतदान हुआ, उसके बाद सलेम में 88.02 प्रतिशत, इरोड में 87.59 प्रतिशत, धर्मपुरी में 87.28 प्रतिशत और तिरुप्पुर में 86.33 प्रतिशत मतदान हुआ।

## विदेशी अपराधियों को भेजी जा रही थी भारतीयों की जानकारियां, चार गिरफ्तार



मुजफ्फरपुर ,(आरएनएस)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले की पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो आम भारतीय नागरिकों की निजी जानकारियां विदेशी अपराधियों को बेच रहा था। इस मामले में पुलिस ने यूपी और बिहार के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि इस गिरोह में अन्य कई लोग भी शामिल हो सकते हैं। आरोप है कि इस गिरोह में शामिल लोग अत्याधुनिक तकनीकी उपकरणों, फर्जी एपीआई और टेलीग्राम बॉट्स का सहारा लेकर लोगों की गोपनीयता भंग करते हुए उनके निजी जानकारियों को शेयर करते थे। मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने बुधवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अहियापुर थाना क्षेत्र के ऋषभ कुमार अवैध तरीके से एपीआई बनाकर डेटा बेच रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर साइबर डीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

# राजा शिवाजी के ट्रेलर में मराठा योद्धा का शौर्य, संजय दत्त से भिड़े रितेश देशमुख



मराठा गौरव और अदम्य साहस की ऐतिहासिक महागाथा राजा शिवाजी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में रितेश देशमुख न केवल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि उन्होंने निर्देशन की कमान संभालते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और उनके स्वराज्य के सपने को बड़े पर्दे पर बेहद भव्यता के साथ उतारा है। अभिषेक बच्चन, विद्या बालन और संजय दत्त जैसे सितारों की मौजूदगी ने इस ऐतिहासिक गाथा को और खास बना दिया है।

बता दें कि रितेश ने न सिर्फ इस फिल्म का निर्देशन किया है, बल्कि इसकी पटकथा भी उन्होंने खुद ही लिखी है, वहीं फिल्म का दारोमदार भी उन्हीं के कंधों पर है। ट्रेलर में रितेश देशमुख को शिवाजी महाराज के अवतार में देख प्रशंसक गदगद हैं। फिल्म के विजुअल्स और युद्ध के दृश्य मुगल काल के उस दौर को जीवंत कर देते हैं। ये फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज की मुगलों के खिलाफ जीत और उनकी रणनीतिक शक्ति को समर्पित है।

फिल्म का ट्रेलर छत्रपति शिवाजी महाराज (रितेश देशमुख) और क्रूर मुगल सेनापति अफजल खान (संजय दत्त) के बीच के ऐतिहासिक टकराव की झलक पेश करता है। तलवारबाजी और जोरदार एक्शन दृश्यों ने फिल्म के प्रति रोमांच बढ़ा दिया है। ट्रेलर शिवाजी महाराज के उस अटूट संकल्प को दिखाता है, जहां वो अपने क्षेत्र में स्वराज्य (स्व-शासन) लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। फिल्म में अभिषेक बच्चन, शिवाजी महाराज के भाई संभाजी शाहजी भोसले की भूमिका में नजर आ रहे हैं।

रितेश ने आखिरकार उन कयासों पर भी विराम लगा दिया है, जिनमें सलमान खान के फिल्म का हिस्सा होने की बात कही जा रही थी। रितेश ने मोहर लगा दी कि सलमान राजा शिवाजी में एक बेहद महत्वपूर्ण और शक्तिशाली भूमिका में नजर आएंगे। इवेंट के दौरान जैसे ही रितेश ने सलमान की मौजूदगी की पुष्टि की, वहां मौजूद अभिषेक बच्चन की प्रतिक्रिया देखने लायक थी। ये खास पल सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

मुंबई में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया। इस मौके पर फिल्म की पूरी स्टारकास्ट ने शिरकत की और छत्रपति शिवाजी महाराज की इस गौरवगाथा का जश्न मनाया। रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा के साथ अभिषेक बच्चन, विद्या बालन और संजय दत्त ने अपनी मौजूदगी से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। छत्रपति शिवाजी महाराज की ये भव्य फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# 'लईकी लईका' के नए पोस्टर में दिखी राशा थडानी और अभय वर्मा की झलक, इस अंदाज में नजर आए दोनों सितारे



पिछले साल फिल्म 'आजाद' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली रवीना टंडन की बेटी अभिनेत्री राशा थडानी की नई फिल्म आ रही है। इस फिल्म का नाम है 'लईकी लईका'। इस फिल्म में राशा के साथ 'मुंज्या' फेम अभिनेता अभय वर्मा प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। आज मेकर्स ने फिल्म से दोनों के पोस्टर जारी कर दिए हैं। इन पोस्टर्स में राशा और अभय एक साथ नजर आ रहे हैं।फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा है। जारी हुए पोस्टर्स में फिल्म के इस अनोखे नए लुक में दोनों कलाकार आधुनिक ग्रैफिटी के साथ स्ट्रीट स्टाइल में नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने कई पोस्टर जारी किए हैं। इनमें पहले पोस्टर में अभय वर्मा और राशा थडानी एक संकरी, धुंधली गली में एक दूसरे को गले लगाते हुए और खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। अभय ने गहरे रंग की, टेक्सचर्ड जिप-अप जैकेट पहनी है, जिस पर फटे-पुराने निशान साफ दिख रहे हैं। वहीं राशा ने हल्के रंग की पारंपरिक कुर्ती पहनी है जिस पर खून के छींटे लगे हैं।एक पोस्टर में अभय और राशा एक-दूसरे के कंधे पर सिर रखे हुए हैं और विपरीत दिशाओं में देख रहे हैं। दोनों के चेहरों पर खून के धब्बे नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने दोनों के सिंगल पोस्टर भी जारी किए हैं। इसमें राशा अपने सिर को दुपट्टे से ढके हुए हैं। उनके पीछे एक गंदी दीवार नजर आ रही है। जिस पर कई तरह के धब्बे बने हुए हैं। जबकि अभय अपने सिंगल पोस्टर में अपने हाथ से अपना मुंह छिपाए हुए हैं।

# नेशनल क्रश बनने के बाद भी मेधा शंकर को नहीं मिले शादी के प्रपोजल, रिश्तेदारों को लेकर किया बड़ा खुलासा



मेधा शंकर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म जिन्नी वेड्स सनी 2 को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. इस फिल्म में दिल्ली की एक चुलबुली लड़की और एक छोटे शहर के शर्मीले लड़के की कहानी को दिखाया गया है.फिल्म में अरेंज मैरिज की मुश्किलों पर फोकस किया गया है.

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान ऐसे लोगों के बारे में बात की जो अलग-अलग पर्सनैलिटी के होने के बाद भी एक-दूसरे की तरफ आकर्षित हो जाते हैं.

मेधा ने कहा,हां, मैं ऐसा मानती हूं.अगर दो लोगों की पर्सनैलिटी अलग-अलग हो, तो उनमें अट्रैक्शन हो सकता है. लेकिन, उनके वैल्यूज सेम होने चाहिए.मालूम हो मेधा की फिल्म 12वीं फेल जब हिट हुई थी, तब लोगों ने उन्हें नेशनल क्रश का टैग दे दिया था.लेकिन, नेशनल क्रश बनने के बाद भी एक्ट्रेस को एक भी प्रपोजल नहीं मिला.

मेधा ने बताया कि 12वीं फेल से पहले उनके रिश्तेदार अक्सर रिश्ता लेकर आया करते थे. वो चाहते थे कि एक्ट्रेस लड़कों से मिलें और अरेंज मैरिज करें. मेधा ने कहा,पहले वो बार-बार इस बारे में बात करते थे. उन्हें नहीं लगता था कि मैं अपने करियर में सक्सेसफुल हो पाऊंगी.उन्हें लगता था कि एक्टिंग सिर्फ मेरा शौक है और चार साल के बाद मैं घर वापस लौट जाऊंगी.

एक्ट्रेस ने आगे कहा, 12वीं फेल के बाद मेरी लाइफ में सबकुछ बदल गया.रिश्तेदारों को लगने लगा कि मेरा करियर कहीं न कहीं आगे बढ़ रहा है.इसलिए अब कोई भी मेरे लिए शादी के रिश्ते नहीं लाता.

मेधा ने आगे कहा कि उनका परिवार हमेशा उनके सपोर्ट में रहता है और शादी को लेकर प्रेशर क्रिएट नहीं करता है.मेधा ने कहा,मेरे पापा ने कभी भी शादी को लेकर मेरे ऊपर दवाब नहीं बनाया. मैं इस मामले में खुद को लकी मानती हूं. हां, वो इतना जरूर कहते हैं कि सही समय पर और सही इंसान से शादी कर लेना. वो समझते हैं कि फिलहाल मेरा काम ज्यादा जरूरी है. अभी शादी में वक्त है, लेकिन आगे चलकर मैं शादी जरूर करूंगी.

## हॉन्टेड 3डी की डरावनी झलक वायरल, 12 जून को रिलीज होगी विक्रम भट्ट की ये हॉरर फिल्म

1920, हॉन्टेड 3डी और शापित जैसी हॉरर फिल्म बनाने वाले विक्रम भट्ट की नई हॉरर फिल्म हॉन्टेड 3डीः एकोस ऑफ द पास्ट दस्तक देने के लिए तैयार है. मेकर्स ने फिल्म को 12 जून को रिलीज करने का फैसला लिया है. अब फिल्म का पहला मोशन पोस्टर रिलीज किया है. मोशन पोस्टर के रिलीज से दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट बढ़ गया है, क्योंकि विक्रम भट्ट की हॉरर फिल्में वाकई लोगों के दिलों में दशहत पैदा करती हैं.हॉन्टेड 3डीः एकोस ऑफ द पास्ट का मोशन पोस्टर भारतीय फिल्म निर्माता आनंद पंडित ने शेयर किया है। मोशन पोस्टर को एआई की मदद से डरावना बनने की कोशिश की गई है. शुरुआत के कांच के गोले से होती है और फिर अचानक एक डरावनी गुड़िया की झलक दिखाई देती है. पोस्टर में मिमोह चक्रवर्ती की झलक भी दिखने को मिली है. बता दें कि फिल्म में मिमोह चक्रवर्ती के अलावा चेतना पांडे, श्रुति प्रकाश, गौरव बाजपेयी, प्रणीत भट्ट और हेमंत पांडे दिखने वाले हैं.फिल्म का निर्माण आनंद पंडित, राकेश जुनेजा और प्रोमोएज मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने मिलकर किया है. फिल्म का निर्देशन विक्रम भट्ट ने किया है.

# बॉक्स ऑफिस पर भूत बंगला का चला जादू, 5वें दिन कर डाली धमाकेदार कमाई, पहले हफ्ते होगा भारत में 100 करोड़ का आंकड़ा पार?




अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की भूत बंगला ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है, हालांकि, वीक डे में इसके कलेक्शन की रफ्तार थोड़ी कम है, लेकिन इसमें सुधार की गुंजाइश अभी भी बाकी है. चूंकि धुरंधर 2 की रफ्तार धीमी पड़ गई है, इसलिए खिलाड़ी कुमार की इस फिल्म को एक बड़ा फायदा मिला है और अब इसे इस मौके का पूरा लाभ उठाते हुए अच्छा प्रदर्शन करना होगा.

शुरुआती तीन दिनों में डबल डिजिट में कमाई करने के बाद, अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फ़िल्म भूत बंगला अब सिंगल डिजिट पर आ गई है. हालांकि यह बॉक्स ऑफिस पर धीमी पड़ी धुरंधर 2 की रफ्तार से अच्छा कमाई कर रही है.

बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड ने सोशल मीडिया भूत बंगला की कलेक्शन के बारे में अपडेट शेयर किया है. मेकर के अनुसार, प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने भारत के बॉक्स ऑफिस पर 97.75 करोड़ रुपये ग्रॉस कलेक्शन किया है. उम्मीद है कि पहले हफ्ते में ही यह फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर जाएगी.

इससे पहले मेकर्स ने जानकारी दी थी कि भूत बंगला ने दुनिया भर में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. मेकर्स के अनुसार, अक्षय कुमार की इस हॉरर कॉमेडी ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 102.05 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था.सैकनिल्क के मुताबिक, भूत बंगला ने ओवरसीज बॉक्स ऑफिस पर 5वें दिन 2.50 करोड़ रुपये कमाए, जिससे अब तक इसका कुल ओवरसीज ग्रॉस कलेक्शन 31.50 करोड़ हो गया है. इससे इसका दुनिया भर का कुल ग्रॉस कलेक्शन बढ़कर 118.12 करोड़ हो गया है.ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने भी ताजा आंकड़े साझा किए है, जिससे पता चला कि फिल्म ने मंगलवार को 9.30 करोड़ रुपये कमाए, और इसके साथ ही भारत में इसकी कुल नेट कमाई अब तक 82.65 करोड़ रुपये हो गई है.

# आलिया कुरैशी कौन हैं? विजय वर्मा के साथ सैर-सपाटे पर निकलकर बटोरी चर्चा



अभिनेमा विजय वर्मा की सीरीज मटका किंग का प्रीमियर अमेजन प्राइम वीडियो पर हो चुका है। इस सीरीज से चर्चा बटोरने के अलावा, अभिनेता अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। दरअसल, हाल ही में विजय को एक लड़की के साथ देखा गया। बस फिर क्या सोशल मीडिया पर लोगों ने उन्हें लेकर अटकलें लगानी शुरू कर दीं। फैंस जानने के लिए बेताब हैं कि आखिर अभिनेता के साथ दिखी रहस्यमयी लड़की कौन है।मुंबई में एक रेस्टोरेंट के बाहर विजय के साथ नजर आई रहस्यमयी लड़की असल में अभिनेत्री आलिया कुरैशी हैं। अभिनय के अलावा, आलिया को गायिकी के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने करियर की शुरुआत फरहान अख्तर द्वारा निर्मित सीरीज इटर्नली कन्फ्यूज्ड एंड ईगर फॉर लव से की थी। बंदिश बैंडिट्स सीजन 2 के बाद आलिया ने शाहरुख खान की फिल्म जवान से बड़े पर्दे पर दस्तक दी। इसमें उन्होंने जानवी नाम की लड़की का किरदार निभाया था।उधर विजय और आलिया को साथ देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ने अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी। कई लोग सवाल पूछ रहे हैं कि क्या दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं? कुछ ने तो दोनों को बधाई देनी शुरू कर दी। फिलहाल, सवालों की बौछार पर विजय या आलिया की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बता दें, विजय पहले तमन्ना भाटिया के साथ रिश्ते में रह चुके थे। 2025 में दोनों ने ब्रेकअप कर लिया था।

# त्वचा को चमकदार बनाने में सहायक हैं खीरे के फेस पैक, जानें बनाने का तरीका

खीरा एक ऐसा फल है, जो न केवल खाने में स्वादिष्ट होता है, बल्कि त्वचा की देखभाल के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसमें मौजूद विटामिन्स और मिनरल्स त्वचा को ताजगी और नमी प्रदान करते हैं। इसके अलावा खीरे के फेस पैक त्वचा की गहराई से सफाई करने और मुंहासों से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। आइए खीरे के फेस पैक बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका जानते हैं।



## खीरे और नींबू का फेस पैक

सामग्रीः आधा खीरा, एक चम्मच नींबू का रस और एक चम्मच शहद। फेस पैक बनाने और इस्तेमाल करने का तरीकाः सबसे पहले खीरे को छीलकर छोटे टुकड़ों में काटें, फिर उसे मिक्सर में पीसकर उसका पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट में नींबू का रस और शहद मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट तक छोड़ दें, फिर चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। यह पैक त्वचा को ताजगी और निखार देने में मदद कर सकता है।

## खीरे और दही का फेस पैक

सामग्रीः आधा खीरा, दो चम्मच दही और एक चम्मच शहद। फेस पैक बनाने और इस्तेमाल करने का तरीकाः सबसे पहले खीरे को छीलकर उसके छोटे टुकड़े काट लें, फिर उसे मिक्सर में पीसकर उसका पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट में दही और शहद मिलाकर अच्छे से मिला लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट तक छोड़ दें, फिर चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

## खीरे और एलोवेरा का फेस पैक

सामग्रीः आधा खीरा, एक चम्मच एलोवेरा जेल और एक चम्मच शहद। फेस पैक बनाने और इस्तेमाल करने का तरीकाः सबसे पहले खीरे को छीलकर उसके छोटे टुकड़े काट लें, फिर उसे मिक्सर में पीसकर उसका पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट में एलोवेरा जेल और शहद मिलाकर अच्छे से मिला लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट तक छोड़ दें, फिर चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

## खीरे और गुलाब जल का फेस पैक

सामग्रीः आधा खीरा, एक चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच शहद। फेस पैक बनाने और इस्तेमाल करने का तरीकाः सबसे पहले खीरे को छीलकर उसके छोटे टुकड़े काट लें, फिर उसे मिक्सर में पीसकर उसका पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट में गुलाब जल और शहद मिलाकर अच्छे से मिला लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट तक छोड़ दें, फिर चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

## खीरे और बेसन का फेस पैक

सामग्रीः आधा खीरा, एक चम्मच बेसन और एक चम्मच दही। फेस पैक बनाने और इस्तेमाल करने का तरीकाः सबसे पहले खीरे को छीलकर उसके छोटे टुकड़े काट लें, फिर उसे मिक्सर में पीसकर उसका पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट में बेसन और दही मिलाकर अच्छे से मिला लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट तक छोड़ दें, फिर चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। यह पैक त्वचा को चमकदार बनाने में मदद कर सकता है।

# शेपवियर के लिए सही साइज चुनने के लिए आजमाएं ये 5 तरीके

शेपवियर एक ऐसा कपड़ा है, जो शरीर को एक अच्छा फिगर देने में मदद करता है। सही साइज का शेपवियर चुनना बहुत जरूरी है ताकि यह आरामदायक हो और सही तरीके से काम करें। गलत साइज का शेपवियर पहनने पर न केवल आपको असुविधा हो सकती है, बल्कि यह आपके लुक को भी बिगाड़ सकता है। आइए जानते हैं कि शेपवियर खरीदते समय किन बातों का ध्यान रखें।

## माप लें

सबसे पहले अपने शरीर के माप लें। इसके लिए एक नापने वाली टेप लें और अपने कूल्हों, कमर और पेट का माप लें। यह माप आपके शरीर के सबसे चौड़े हिस्सों पर लें ताकि शेपवियर सही तरीके से फिट हो सके। इसके अलावा अपने कंधों और पीठ के माप भी लें, खासकर अगर आप शेपवियर वाली कमीज या टॉप खरीद रहे हैं। इस तरह आप सही साइज़ का शेपवियर चुन पाएंगे।

## ब्रांड चार्ट पर ध्यान दें

हर ब्रांड का शेपवियर अलग-अलग आकार में आता है, इसलिए खरीदने से पहले ब्रांड चार्ट जरूर देखें। इससे आपको पता चलेगा कि आपके माप के अनुसार कौन सा साइज लेना चाहिए। अलग-अलग कंपनियों में साइज में फर्क हो सकता है, इसलिए हमेशा ब्रांड चार्ट देखकर ही खरीदारी करें। इससे आप अपने लिए सबसे उपयुक्त और आरामदायक शेपवियर चुन पाएंगे। सही साइज चुनने से आप अपने लुक को बेहतर बना सकते हैं।



## कपड़े की गुणवत्ता पर ध्यान दें

शेपवियर के कपड़े की गुणवत्ता भी बहुत महत्वपूर्ण होती है। कुछ शेपवियर नायलॉन या स्पैन्डेक्स से बने होते हैं, जो लचीले होते हैं और आसानी से शरीर को लपेटते हैं, वहीं कुछ सूती कपड़े से बने होते हैं, जो त्वचा को हवा लगने देते हैं। अगर आप पूरे दिन शेपवियर पहनकर रखना चाहते हैं तो लचीले कपड़े वाला विकल्प बेहतर रहेगा क्योंकि ये अधिक आरामदायक होते हैं। इसके अलावा ये पसीने को सोखने में भी मदद करते हैं।

## आरामदायक फिटिंग चुनें

शेपवियर का उद्देश्य शरीर को एक चिकनी सिल्हूट देना है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इसे बहुत टाइट या बहुत ढीला लिया जाए। ऐसा शेपवियर चुनें, जो आपकी त्वचा से हल्का सा दबाव डालता हो, लेकिन इसे पहनने में असुविधा महसूस न हो। सही फिटिंग वाला शेपवियर आपके शरीर को सही तरीके से सपोर्ट करेगा और आपको पूरे दिन आरामदायक महसूस होगा। इससे आपका लुक भी बेहतरीन रहेगा और आप खुद को आत्मविश्वास से भरा हुआ पाएंगे।

## पहनकर देखें

अगर संभव हो तो शेपवियर पहनकर देखें और देखें कि यह कैसे दिखता है। इससे आपको पता चलेगा कि कौन सा साइज आपके लिए सबसे अच्छा रहेगा। अगर आप ऑनलाइन खरीदारी कर रहे हैं तो ग्राहक समीक्षा पढ़ें और लोगों द्वारा दिए गए फीडबैक पर ध्यान दें ताकि आप सही चुनाव कर सकें। इस तरह आप अपने लिए सबसे उपयुक्त और आरामदायक शेपवियर चुन पाएंगे, जो आपके शरीर को सही तरीके से सपोर्ट करेगा।

## तीन क्रिकेटरों को किया गया सस्पेंड, कोच पर जानलेवा हमले का था आरोप

पुडुचेरी, (ए) क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ पुडुचेरी (सीएपी) ने अंडर-19 कोच पर हमले के आरोपी प्रथम श्रेणी के तीन क्रिकेटरों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. ये तीनों खिलाड़ी (जे. कार्तिकेयन, ए. अरविंदराज और एस. संतोष कुमारन) हाल के वर्षों में रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पुडुचेरी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

सीएपी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ये तीनों एक गंभीर आपराधिक मामले में शामिल थे, जिसमें अंडर-19 कोच वेंकटरमन पर जानलेवा हमला करने और मारपीट करने के आरोप शामिल हैं. एसोसिएशन ने आगे बताया कि यह घटना 8 दिसंबर, 2025 को हुई थी और सेदुरपेट पुलिस स्टेशन में एक औपचारिक चार्जशीट दायर की जा चुकी है. यह मामला फिलहाल पुडुचेरी की माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष विचाराधीन है।

इसके अलावा सीएपी ने इन खिलाड़ियों को अपने किसी भी परिसर में प्रवेश करने से निलंबित कर दिया है और उन्हें राज्य संघ की किसी भी सुविधा का उपयोग करने से रोक दिया है. इन खिलाड़ियों को किसी भी राष्ट्रीय या विदेशी टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति नहीं होगी और यह निलंबन तब तक प्रभावी रहेगा, जब तक माननीय न्यायालय इस मामले का निपटारा नहीं कर देता और आरोपियों को सभी आरोपों से बरी नहीं कर देता।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ पुडुचेरी का यह कदम इस बात को रेखांकित करता है कि उनके खिलाफ की गई कार्रवाई कितनी गंभीर है. तीनों आरोपियों के पास राज्य क्रिकेट निकाय के आचार संहिता अधिकारी/लोकपाल के समक्ष अपील करने का विकल्प है।

## आईपीएल 2026: वैभव सूर्यवंशी ने ग्लेन मैक्सवेल का ये रिकॉर्ड तोड़ा

नईदिल्ली, (ए) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 32वें मैच में राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 11 गेंदों का सामना करते हुए 8 रन बनाए। तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने उनकी छोटी सी पारी का अंत किया। इस बीच सूर्यवंशी ने अपने आईपीएल करियर में 500 रन पूरे किए। वह IPL के इतिहास में सबसे तेज 500 रन (गेंदों के लिहाज से) बनाने वाले बल्लेबाज बने।

सूर्यवंशी ने 227 गेंदों का सामना करते हुए अपने 500 रन पूरे किए। उनके नाम अब 14 मैचों की 14 पारियों में 213.50 की स्ट्राइक रेट के साथ 506 रन हो गए हैं। सूर्यवंशी ने ग्लेन मैक्सवेल का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा। बता दें कि मैक्सवेल ने 260 गेंदों में आईपीएल में 500 रन पूरे किए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर प्रियांश आर्य हैं, जिन्होंने 278 गेंदों में ये आंकड़ा पार किया था।

आईपीएल 2026 में सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने 7 पारियों में 36.28 की औसत और 220.86 की स्ट्राइक रेट के साथ 254 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 2 अर्धशतक लगाए हैं। 15 साल के इस होनहार बल्लेबाज ने आरसीबी के खिलाफ 78 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा चेन्नई सुपर किंग्स के विरुद्ध उन्होंने 52 रन बनाए थे। इस सीजन में उनके पिछले 3 स्कोर क्रमशः 8, 46 और 0 रन रहे हैं।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार जीत के जश्न में डूबी थी बांग्लादेश टीम, तभी ICC ने सुना दी ये बड़ी सजा

नई दिल्ली (ए)। न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में शानदार जीत दर्ज कर सीरीज में वापसी करने वाली बांग्लादेश क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। जीत के जश्न के बीच ही इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने टीम पर कड़ी कार्रवाई की है। इस सजा के बाद टीम के खेमे में मायूसी छा गई है, क्योंकि आईसीसी ने सीधे तौर पर खिलाड़ियों की मैच फीस में कटौती करने का कड़ा फरमान सुना दिया है।

### स्लो ओवर रेट के कारण कटी 10 फीसदी मैच फीस

दरअसल, बांग्लादेश की टीम को दूसरे वनडे मैच के दौरान स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया है। आईसीसी के एलीट पैनल के मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने तय समय सीमा के भीतर गेंदबाजी पूरी न करने पर टीम को यह सजा सुनाई है। जांच में पाया गया कि बांग्लादेश की टीम ने निर्धारित समय में 2 ओवर कम फेंके थे। इसके चलते आईसीसी के



नियमों के तहत सभी खिलाड़ियों की 10 फीसदी मैच फीस काट ली गई है। इस मामले में टीम के कप्तान मेहदी हसन मिराज को मैच रेफरी के सामने पेश होने की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि उन्होंने अपनी और टीम की गलती को आधिकारिक तौर पर बिना किसी विरोध के स्वीकार कर लिया था।

### रोमांचक मोड़ पर है सीरीज, 23 अप्रैल को होगा निर्णायक मुकाबला

आपको बता दें कि बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही तीन मैचों की यह वनडे सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर आकर खड़ी हो गई है। न्यूजीलैंड की टीम ने पहले वनडे मुकाबले में 26 रनों से शानदार जीत दर्ज की थी, लेकिन दूसरे मैच में मेजबान बांग्लादेश ने जबरदस्त पलटवार करते हुए 6 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया और सीरीज को बेहद रोमांचक बना दिया है। अब इस वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी निर्णायक मुकाबला कल यानी 23 अप्रैल को चटोग्राम के मैदान पर खेला जाएगा। इसके ठीक बाद दोनों टीमों के बीच 27 अप्रैल से तीन मैचों की अगली सीरीज का भी आगाज होगा।

# आईपीएल में आज होगा आरसीबी और टाइटंस का मुकाबला




बेंगलुरु (ए.)। यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मुकाबला गुजरात टाइटन्स से होगा। आरसीबी का लक्ष्य घरेलू मैदान पर इस मैच को जीतकर प्लेऑफ के लिए अपने कदम बढ़ाना रहेगा। आरसीबी ने अब तक 6 मे से 4 मैच जीते हैं जिससे उसके 8 अंक हैं और टीम अंकतालिका में तीसरे नंबर पर है। इस सत्र में उसने सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स को आसानी से हराया, राजस्थान रॉयल्स से उसे हार मिली। इसके बाद मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स से वह जीती पर पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हार गयी। आरसीबी के पास अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी हैं। टीम की कप्तानी राजत पाटीदार कर रहे हैं। गेंदबाजी भी टीम की अच्छी है। उसके पास भुवनेश्वर कुमार जैसा गेंदबाज है। वहीं दूसरी ओर गुजरात का प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। उसने 6 में से 3 मैच जीते हैं, इससे उसके 6 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है। उसे शुरुआत में पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स से हार का सामना करना पड़ा जबकि दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स व कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उसे जीत मिली पर मुंबई इंडियंस से हार मिली। टीम के पास कप्तानी शुभमन गिल के अलावा साई सुदर्शन जैसा बल्लेबाज है। वहीं टीम के पास कई अच्छे गेंदबाज हैं जिनमें कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा हैं। आंकडों पर नजर डालें तो दोनो के बीच 6 मुकाबले हुए हैं जिसमें से दोनो ने ही 3-3 जीते हैं।

**दोनो ही टीमों के अंतिम ग्यारह खिलाड़ी**

आरसीबी: रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, फिल साल्ट, देवदत्त पडिक्कल, टिम डेविड, जितेश शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, जैकब डफी और सुयश शर्मा।

गुजरात टाइटन्स: शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर, ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।

## विश्व कप फुटबॉल में ईरान की जगह इटली को शामिल करें : जम्पोली

वाशिंगटन(ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक विशेष दूत पाओलो जम्पोली ने विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) से कहा है कि वह जून में होने वाले विश्व कप में ईरान की जगह इटली को शामिल करें। माना जा रहा है कि हाल में जिस प्रकार से इटली के साथ अमेरिका के संबंध खराब हुए हैं। उसको देखते हुए ही जम्पोली ने इस प्रकार का बयान दिया है जिससे की इटली सरकार की नाराजगी दूर हो सके।



जम्पोली ने कहा कि उन्होंने ट्रंप और फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो दोनों को सुझाव दिया है कि विश्व कप में ईरान की जगह पर इटली को अवसर दिया जाना चाहिये क्योंकि वह कई बार विजेता रही है। जम्पोली ने कहा, मैं इटली का रहने वाला हूं, और अमेरिका में होने वाले टूर्नामेंट में इटली की राष्ट्रीय टीम को देखते हुए देखना चाहता हूं। इटली ने चार विश्व कप खिताब जीते हैं और ऐसे में वह इस टूर्नामेंट में शामिल के लिए ईरान से कहीं बेहतर और योग्य है, इसके साथ ही उसका रिकार्ड भी काफी अच्छा है।फीफा हालांकि इटली को शामिल नहीं कर सकता है, क्योंकि वह विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी है। इटली प्ले-ऑफ में बोस्निया और हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में असफल रही थी। यह किसी पूर्व विश्व चैंपियन के लिए एक अजीब स्थिति है।वहीं ईरान ने लगातार चौथी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है पर जिस प्रकार से उसका अमेरिका और इजरालय से संघर्ष चल रहा है।

# विदेश समाचार

## अमेरिका ने ईरान के 31 जहाज रोके, नाकेबंदी के लिए 17 वॉरशिप, 10,000 सैनिक और 100 से ज्यादा विमान तैनात किए



वॉशिंगटन/तेहरान (आरएनएस)। अमेरिका ने ईरान के खिलाफ अपनी समुद्री नाकेबंदी और कड़ी कर दी है। यू.एस. सेंट्रल कमांड (CENTCOM) के अनुसार, नेवी अब तक 31 जहाजों को या तो वापस लौटने या बंदरगाह की ओर जाने के लिए मजबूर कर चुकी है। यह नाकेबंदी 13 अप्रैल से लागू है, जिसका उद्देश्य ईरान से जुड़े समुद्री व्यापार को रोकना है। CENTCOM ने स्पष्ट किया है कि किसी भी जहाज को ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश या वहां से निकलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। CENTCOM के मुताबिक, यह प्रतिबंध केवल मध्य पूर्व तक सीमित नहीं है, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया जा रहा है। रोके गए जहाजों में ज्यादातर तेल टैंकर शामिल हैं, और अधिकतर ने अमेरिकी निर्देशों का पालन किया है। इस ऑपरेशन के लिए अमेरिका ने भारी सैन्य तैनाती की है, जिसमें 10,000 से अधिक सैनिक, 100 से ज्यादा लड़ाकू और निगरानी विमान, तथा 17 से अधिक युद्धपोत शामिल हैं। इनमें एयरक्राफ्ट कैरियर, गाइडेड मिसाइल डेस्ट्रॉयर, ड्रोन, रिफ्यूलिंग और सर्विलांस विमान शामिल हैं।इस नाकेबंदी का सबसे ज्यादा असर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर पड़ा है, जो दुनिया के प्रमुख तेल मार्गों में से एक है। यहां जहाजों की आवाजाही काफी धीमी हो गई है और निकट भविष्य में हालात सामान्य होने की संभावना बेहद कम है।

बाजार के संकेत भी यही बताते हैं—30 जून तक होर्मुज में ट्रैफिक सामान्य होने की उम्मीद लगभग नगण्य मानी जा रही है। इससे संबंधित ट्रेडिंग में गिरावट आई है और निवेशकों को आशंका है कि तनाव आगे भी बना रह सकता है।विशेषज्ञों का मानना है कि यह नाकेबंदी केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि ईरान पर आर्थिक दबाव बनाने की रणनीति भी है। हालांकि सीजफायर की अवधि बढ़ाई गई है, लेकिन बातचीत में अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। ऐसे में अमेरिका अपनी सख्त नीति जारी रख सकता है। ट्रंप भी सीजफायर बढ़ाने के दौरान संकेत दे चुके हैं कि ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी।अब सबकी नजर इस पर है कि क्या अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता हो पाता है या नहीं। क्षेत्र में सैन्य गतिविधियों और नाकेबंदी से जुड़े नए फैसले आने वाले समय में स्थिति को और प्रभावित कर सकते हैं।

## होर्मुज के इस साल पूरी तरह खुलने की उम्मीद नहीं, ईरान ने आधुनिक सुरंग बिछाई

तेहरान,(आरएनएस)। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर चिंता बढ़ाने वाली खबर आई है। पेंटागन के अधिकारियों का मानना है कि होर्मुज इस पूरे साल आंशिक तौर पर बंद ही रहेगा, क्योंकि ईरान द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंगों को हटाने में कम से कम 6 महीने लगेंगे। बता दें कि ईरान-अमेरिका के बीच युद्ध के चलते बंद हुए होर्मुज जलडमरूमध्य ने भारत समेत कई देशों में ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पेंटागन ने अमेरिका के सांसदों को बताया है कि होर्मुज से ईरानी बारूदी सुरंगों को पूरी तरह से हटाने में कम से कम 6 महीने लग सकते हैं और जब तक युद्ध खत्म नहीं हो जाता, तब तक ऐसा नहीं किया जा सकता। सूत्रों ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि होर्मुज को सुरक्षित करने का काम कहीं अधिक जटिल है, जिसकी सबसे बड़ी वजह ईरान द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंगों की स्मार्ट तकनीक है ।एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने सांसदों को बताया कि ईरान ने संभवत: जलडमरूमध्य में 20 या उससे अधिक सुरंगें बिछाई हैं। पारंपरिक सुरंगों के उलट, ये कथित तौर पर GPS तकनीक से लैस हैं और इन्हें छोटी और तेज गति वाली नावों के माध्यम से दूर से तैनात किया जा सकता है। यही वजह है कि अमेरिकी सेनाओं के लिए इनका पता लगाना मुश्किल है। एक अधिकारी ने कहा, ये पुराने जमाने की रस्सी से बंधी हुई सुरंगें नहीं हैं।

## एक माह में ही नेपाल सरकार के गृहमंत्री ने दिया इस्तीफा, वित्तीय मामलों में फंसे

### -जेन जी आंदोलन में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक चेहरा बनकर उभरे

काठमांडु,(ए.)। नेपाल में जेन जी आंदोलन के बाद बनी नई बालेन सरकार को एक महीने का भी वक्त नहीं हुआ है और देश के गृहमंत्री सुदन गुरुंग ने इस्तीफा दे दिया है। यह वही सुदन गुरुंग हैं, जो जेन जी आंदोलन में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक चेहरा बनकर उभरे थे। भ्रष्टाचारियों के घर से एक-एक पाई निकाल लाने जैसे बयानों की खूब चर्चा हुआ करती थी। नेपाल सरकार में गृहमंत्री बनने के बाद भी उनकी पहली टिप्पणी यही थी कि मैं भ्रष्ट लोगों को दुनिया के सामने लाऊंगा और बताऊंगा कि नेपाल में कैसे बदलाव हो रहे हैं। उनका कहना था कि यदि उन्होंने कुछ गलती की होगी तो भ्रष्टाचार के मामले में मैं अपने पिता तक को नहीं बख्शूंगा। ऐसे में बड़ा सवाल है कि गुरुंग आखिर खुद कैसे वित्तीय मामलों में फंस गए।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इसकी वजह यह है कि मनी लॉन्ड्रिंग की जांच में घिरे एक कारोबारी के साथ उनके रिश्तों की चर्चा है। उन पर आरोप है कि उस कारोबारी के बिजनेस में सुदन गुरुंग ने कुछ निवेश किया है यानी हिस्सेदारी रखते हैं। यह विवाद इतना बढ़ा कि सुदन गुरुंग को इस्तीफा देना पड़ा। इसके अलावा उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में जांच भी कराई जा सकती है। कारोबारी दीपक भट्टा का नाम बीते कुछ सालों में चर्चा में रहा है और उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच चल रही है। ऐसे में उनसे संबंधों के चलते सुदन गुरुंग को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी है।रिपोर्ट के मुताबिक मामला यहीं खत्म नहीं हुआ है।



## ईरान की आईआरजीसी ने कैसे किया 2 जहाजों पर कब्जा? जारी किया वीडियो

तेहरान, (आरएनएस)। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने बुधवार को 2 जहाजों को समुद्री नियमों के उल्लंघन के आरोप में जब्त किया है, जिसका वीडियो जारी किया गया है। आईआरजीसी की ओर से जारी वीडियो में दिखाया गया है कि हथियारबंद आईआरजीसी लड़ाके वर्दी पहनकर एमएससी फ्रांसेस्का और एपामिनोड्स जहाज में चढ़ जाते हैं। सभी जवानों ने अपने चेहरे को ढका हुआ है। वीडियो के जरिए आईआरजीसी ने अपनी मजबूती दिखाने की कोशिश की है।

आईआरजीसी का कहना है कि दोनों जहाज आवश्यक प्राधिकरण के बिना संचालन करने और नेविगेशन सिस्टम में हेरफेर करने के लिए हिरासत में लिए गए हैं, जिससे समुद्री सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी। आईआरजीसी ने कहा कि होर्मुज में सुरक्षा में व्यवधान पैदा करना लाल रेखा है। ईरानी सेना का कहना है कि एमएससी जहाज इजरायल से संबंधित है, जबकि एपामिनोड्स पर लाइबेरिया का झंडा लगा है, जो भारत के गुजरात आ रहा था।

आईआरजीसी होर्मुज से निकलने वाले जहाजों पर गोलीबारी भी कर रहा है, जिसकी पुष्टि यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने बुधवार को की थी। उसने बताया कि बुधवार सुबह करीब 7:55 बजे होर्मुज में उसके 2 जहाजों पर गोलीबारी हुई थी और गोलीबारी करने से पहले जहाज को कोई संकेत नहीं दिया था। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में जहाज का पुल क्षतिग्रस्त हुआ है। हालांकि, चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं।

## ईरान से तनाव के बीच अमेरिकी नौसेना प्रमुख जॉन फेलन को पद से हटाया गया

वाशिंगटन, (आरएनएस)। अमेरिका और ईरान में जारी तनाव के बीच अमेरिकी नौसेना प्रमुख जॉन फेलन को बुधवार को उनके पद से हटा दिया गया है। पेंटागन (अमेरिकी रक्षा मुख्यालय) के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने बताया कि फेलन तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। उनकी जगह नौसेना के अवर सचिव हंग काओ कार्यवाहक सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, युद्ध मंत्री (रक्षा मंत्री) पीट हेगसेथ ने राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप से बातकर फेलन को इस्तीफे के लिए मजबूर किया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, फेलन और हेगसेथ के बीच महीनों से तनाव चल रहा था। हेगसेथ का मानना था कि फेलन जहाज निर्माण सुधारों को लागू करने में बहुत धीमी गति से काम कर रहे थे। वे फेलन के ट्रंप के साथ सीधे संवाद से भी वे नाराज थे, जिसे हेगसेथ उन्हें दरकिनार करने का प्रयास मानते थे। उपरक्षा सचिव स्टीव फेनबर्ग भी फेलन के अधिकार क्षेत्र वाले जहाज निर्माण और नौसेना अधिग्रहण की प्रमुख जिम्मेदारियों को लेना चाहते थे।

यह बर्खास्तगी ऐसे समय पर हुई है, जब अमेरिकी नौसेना ईरानी जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने से रोकने में सफल रहा है। अमेरिका ने अब तक 31 जहाजों को बंदरगाहों पर वापस भेजा है और 2 पर कब्जा किया है। बताया जा रहा है कि बुधवार को व्हाइट हाउस में जहाज निर्माण को लेकर हुई बैठक में ट्रंप-हेगसेथ शामिल थे और इसी में फेलन को हटाने का मुद्दा चरम पर पहुंचा था।

पेंटागन में प्रवेश के बाद से, हेगसेथ ने नौसेना संचालन प्रमुख और वायुसेना के उपचीफ ऑफ स्टाफ सहित 12 से अधिक वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को बर्खास्त किया है। वे चीफ ऑफ स्टाफ रैंडी जॉर्ज, जनरल डेविड होडने, मेजर जनरल विलियम ग्रीन को हटा चुके हैं।

# ईरान का खतरनाक प्लान, समंदर में बिछी इंटरनेट केबल काटने की धमकी से भारत पर मंडराया बड़ा खतरा

तेहरान, (आरएनएस)। मिडिल ईस्ट में सुलग रही जंग की आग अब समंदर की गहराइयों तक पहुंच गई है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) से जुड़ी समाचार एजेंसी तसनीम की एक हालिया रिपोर्ट ने पूरी दुनिया में खलबली मचा दी है। इस रिपोर्ट में फारस की खाड़ी के नीचे बिछे इंटरनेट केबलों और महत्वपूर्ण क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर की पूरी मैपिंग की गई है। रक्षा और तकनीकी विशेषज्ञों ने इसे खाड़ी देशों सहित वैश्विक डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए एक बेहद गंभीर चेतावनी माना है।

### डेटा हब और संचार नेटवर्क को तबाह करने की साजिश

इस रिपोर्ट में होर्मुज स्ट्रेट को केवल तेल और गैस के लिए ही नहीं, बल्कि यूएई, कतर, बहरीन और सऊदी अरब जैसे देशों को जोड़ने वाले संचार नेटवर्क के लिए एक अहम 'चोकपॉइंट' बताया गया है। ईरान की तरफ से यह साफ संकेत दिया गया है कि युद्ध की स्थिति में इन अंडरसी डेटा केबलों और लैंडिंग स्टेशनों को दबाव बनाने के लिए आसानी से काटा या




तबाह किया जा सकता है। यह खतरा इसलिए भी ज्यादा खौफनाक हो जाता है क्योंकि हाल ही में ईरानी ड्रोन हमलों ने यूएई और बहरीन में अमेजन वेब सर्विसेज ( AW S) के डेटा सेंटर्स को भी निशाना बनाया था, जिसने इस पूरे क्षेत्र में डिजिटल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा की पोल खोलकर रख दी है।

### भारत के करोड़ों यूजर्स और आईटी सेक्टर के लिए खतरे की घंटी

समंदर के नीचे से रची जा रही ईरान की इस साजिश का सीधा और भयानक असर भारत पर भी पड़ सकता है। दुनिया भर को जोड़ने वाला यह अंडरसी केबल नेटवर्क ओमान, यूएई और पाकिस्तान जैसे कई संवेदनशील इलाकों में बने लैंडिंग स्टेशनों से होकर गुजरता है। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था काफी हद तक इन्हीं कनेक्शनों पर टिकी हुई है। अगर ईरान किसी भी तरह से इन केबलों को काटता है या नुकसान पहुंचाता है, तो भारत में इंटरनेट की स्पीड धड़ाम से गिर सकती है।

इससे न सिर्फ करोड़ों आम यूजर्स प्रभावित होंगे, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित सेक्टर को भी भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा।

# आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव



सीहोर( निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर शहर के शुगर फैक्ट्री स्थित मंदिर में पूजन और अभिषेक का आयोजन किया गया था और उसके पश्चात भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की गई। गुरुवार की सुबह पूर्ण विधि-विधान से विशेष अभिषेक किया गया था और शाम को मंदिर परिसर में छप्पन भोग की प्रसादी का वितरण किया गया।इस संबंध में जानकारी देते हुए महासभा के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार सक्सेना ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव गुरुवार को शहर के शुगर फैक्ट्री स्थित मंदिर में मनाया गया था, इस दौरान यहां पर सुबह भगवान का विशेष अभिषेक किया गया, उसके पश्चात शाम को विशेष आरती, पूजन और भोग लगाया गया। इस मौके पर समिति के संरक्षक रमेश सक्सेना, शैलेंद्र श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, अविनिश श्रीवास्तव, सौरभ खरे, एसडी सक्सेना, संजय श्रीवास्तव, शक्ति श्रीवास्तव, अजय सक्सेना, मनोज सक्सेना और विवेक सक्सेना आदि अनेक समाजजन उपस्थित थे।उन्होंने बताया कि कायस्थ समाज के द्वारा प्रकटोत्सव पूरी आस्था के साथ मनाया जाता है। वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को गंगा सप्तमी मनाई जाती है। इसी दिन चित्रगुप्त प्रकटोत्सव पर्व भी मनाया जाता है। चित्रगुप्त जयंती का त्योहार कायस्थ वर्ग में अधिक प्रचलित है। क्योंकि चित्रगुप्त जी को वह अपना ईष्ट देवता मानते हैं। दरअसल भगवान चित्रगुप्त का जन्म ब्रह्मा के अंश से हुआ है। वह यमराज के सहयोगी हैं। जो जीव जगत में मौजूद सभी का लेखा-जोखा रखते हैं।

चित्रगुप्त के जन्म की कथा काफी रोचक है। जब यमराज ने अपने सहयोगी की मांग की, तो ब्रह्मा ध्यान में चले गए। उनकी एक हजार वर्ष की तपस्या के बाद एक पुरुष उत्पन्न हुआ। इस पुरुष का जन्म ब्रह्मा जी की काया से हुआ था। इसलिए ये कायस्थ कहलाए और इनका नाम चित्रगुप्त पड़ा। भगवान चित्रगुप्त जी के हाथों में कर्म की किताब, कलम, दवात है।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक सुदेश राय और श्रीमती अरुणा राय

सीहोर( निप्र)। शिवशक्ति यज्ञ एवं पशुपति नाथ महादेव शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कस्बा क्षेत्र में गुरुवार को निकाली गई कलश यात्रा में विधायक सुदेश राय और समाजसेविका श्रीमती अरुणा राय सम्मिलित हुए।

कलार मोहल्ला कस्बा में पशुपतिनाथ महादेव परिवार प्राण प्रतिष्ठा पं. पृथ्वी वल्लभ दुबे के मंत्रोच्चारण द्वारा सम्पन्न होगा । गुरूवार को प्रायश्चित, पूजन, कलश यात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, श्री गणेश पूजन एवं प्रतिमा का धान्याधिवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक सुदेश राय और श्रीमती अरुणा राय ने सभी धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर समस्त देवी देवताओं पूजा अर्चना की और भगवान से सभी के कल्याण की प्रार्थना कर धर्म का लाभ अर्जित किया। शुक्रवार को मण्डल देवता आवाहन पूजन, अग्नि स्थापल, हवन प्रारंभ, प्रतिमा का जलाधीवास आरती शाम 6 बजे होगा।

महिला मण्डल समिति एवं समस्त सनातनी धर्मप्रेमी बन्धु के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल चौपाल आयोजित




सीहोर( निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा जल प्रबंधन की उचित व्यवस्था एवं जल के समुचित उपयोग के लिए किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम रामदासी में जल चौपाल का आयोजन किया गया।

जल चौपाल में किसानों को फसलों में उचित जल प्रबंधन एवं जल के समुचित उपयोग की जानकारी दी गई और ड्रिप तथा स्प्रिंकलर का उपयोग करने की सलाह दी गई।

# श्रीराम कथा में आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव

## यज्ञ भारतीय संस्कृति का एक पवित्र अनुष्ठान-यज्ञ संचालक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे

सीहोर (निप्र)। यज्ञ भारतीय संस्कृति का एक पवित्र अनुष्ठान है, जो न केवल देवताओं को प्रसन्न कर मनोकामनाएं पूर्ण करता है, बल्कि विश्व कल्याण और पर्यावरण शुद्धि का भी माध्यम है। यह अग्नि में आहुति के माध्यम से मानसिक शांति, उत्तम स्वास्थ्य, और आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करता है, जिससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उक्त विचार शहर के बस स्टैंड के समीप जयंती कालोनी में जारी भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ के दौरान यज्ञ संचालक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे ने कहे। इस मौके पर उन्होंने कहाकि श्री हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में जारी प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के कारण क्षेत्र पूरी तरह धर्ममय हो गया है। यहां पर सुबह विप्रजनों के अलावा यजमानों के लिए प्रसादी का वितरण किया जा रहा है और वहीं रात्रि को बस स्टैंड क्षेत्र पर नगर भोज का आयोजन निरंतर चल रहा है। नगर भोज में सनातन धर्म के सभी बंधु एक साथ बैठक भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं।



महोत्सव का आयोजन सुबह आठ बजे से यज्ञ शाला में विप्रजनों के मार्गदर्शन में वैदिक परम्परा के साथ किया जाता है और उसके पश्चात दोपहर में कथा व्यास राष्ट्रीय राम कथा व्यास मानस कोकिला महंत डॉ. प्रज्ञा भारती के द्वारा जयंती कालोनी के परिसर में श्रीराम कथा का वाचन किया जाता है, इसके पश्चात रात्रि नौ बजे से रामलीला का मंचन किया जा रहा है।गुरुवार को महोत्सव में आए संतों, कथा वाचकों और मंहत का यज्ञ संचालक पंडित श्री कटारे बाबा, समिति के अध्यक्ष रुद्र प्रकाश राठौर, यज्ञ संचालक पंडित दीपक शास्त्री, मंदिर के पंडित अनिल शर्मा आदि ने स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश के प्रसिद्ध बोलाई हनुमान मंदिर के महंत का स्वागत भी किया गया।

### श्रीराम कथा मनुष्य को मर्यादा में रहना सिखाती

कथा में महंत डॉ. प्रज्ञा भारती ने भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का वर्णन किया और कहाकि श्रीराम कथा मनुष्य को मर्यादा में रहना सिखाती है। यह जीवन का सही मार्गदर्शन करती है। जो व्यक्ति सच्चे मन से राम कथा सुनता है, उसका लोक और परलोक दोनों सुधर जाते हैं। राजा दशरथ को संतान नहीं थी। वे कुलगुरु वशिष्ठ के पास गए। वशिष्ठ ने श्रृंगी ऋषि से पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाया। यज्ञ कुंड से प्रकट हुए अग्नि देवता ने राजा दशरथ को खीर दी। राजा ने यह खीर अपनी तीनों रानियों को दी। इसी खीर के सेवन से चारों भाइयों राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। राम ने बचपन से ही असुरों का संहार किया। मर्यादा पुरुषोत्तम राम का जीवन चरित्र सदियों तक प्रेरणा देता रहेगा। माता-पिता और भाइयों के प्रति उनका प्रेम अमर है।

## पंचायत एवं नगरीय निकायों की मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

सीहोर (निप्र)। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। एक जनवरी 2026 की संदर्भ तारीख के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण होगा। फोटो युक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जून को किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने बताया है कि रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति और जिला स्तरीय प्रशिक्षण 27 अप्रैल तक किया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 15 मई 2026 को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियां 25 मई तक ली जाएंगी। प्राप्त दावे- आपत्तियों का निराकरण 30 मई तक किया जाएगा। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 18 जून 2026 को किया जाएगा।

## सांसद आलोक शर्मा ने रेल मंत्री से सीहोर रेलवे स्टेशन पर ओवरनाइट एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की

सीहोर( निप्र)। भोपाल संसदीय क्षेत्र के सांसद आलोक शर्मा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंटकर ट्रेन - इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 22191/22192) का ठहराव सीहोर रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित किए जाने की बहुप्रतीक्षित मांग को रखा। जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर ने बताया कि सांसद शर्मा ने रेलमंत्री को सौंपे गए अपने पत्र में उल्लेख किया है, कि सीहोर नगर धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यहां स्थित कुबेरेश्वर धाम में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक निरंतर आते-जाते रहते हैं। इसके बावजूद वर्तमान में सीहोर रेलवे स्टेशन पर सीमित ट्रेनों का ही ठहराव होने से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने आगे बताया कि सीहोर में शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिसके चलते रेलवे सेवाओं की मांग भी तेजी से बढ़ी है।



## विमला देवी राय इंटर हाउस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता, हार्दिक ने खेली 80 रन की पारी, मानस ने लिए तीन विकेट

### कृष्णा ब्लास्टर ने क्रिसेंट वारियर्स को 116 रन के विशाल अंतर से हराया

सीहोर ( निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर विमला देवी राय इंटर हाउस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कृष्णा ब्लास्टर की टीम ने क्रिसेंट वारियर्स को 116 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच में कृष्णा ब्लास्टर की ओर से हार्दिक ने 80 रन की शानदार पारी खेली। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर की पूरी टीम 239 रन पर 37 ओवर में सिमट गई। इसमें हार्दिक ने 80 रन, मानस सोनी ने 68 रन, चिराग पालीवाल ने 19 रन, यूरेश भारती ने 30 रन की पारी खेली। इधर क्रिसेंट वारियर्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए हार्दिक वर्मा ने तीन विकेट, स्पनिल भारिया, निर्भय प्रजापति ने दो-दो विकेट, रनवीर ने एक विकेट हासिल किया था। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रिसेंट वारियर्स की टीम 20.2 ओवर में 123 रन पर ढेर हो गई। इसमें आदिल खान ने 48 रन, निर्भय प्रजापति ने 24 रन की पारी खेली। इसके अलावा कृष्णा ब्लास्टर की ओर से गेंदबाजी करते हुए मानस सोनी ने तीन विकेट, उज्जवल ने दो विकेट, वंश, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, लक्की प्रजापति, वरुण शुक्ला ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में नगर पालिका और बैंक अधिकारियों की बैठक आयोजित

सीहोर (निप्र)। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार 09 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सम्बंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह द्वारा बैंक एवं नगर पालिका के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नेशनल लोक अदालत में बैंक एवं नगर पालिका के अधिक से अधिक लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण रखने और निराकरण करने के सम्बंध में चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशानिर्देश भी दिये गये। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, एलडीएम जयदीप भट्टाचार्य, बैंकों के प्रबंधक उपस्थित थे। इसके साथ ही सभी नगर पालिकाओं के सीएमओ और अन्य अधिकारीगण विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर पर महंत देवगिरि महाराज का स्वागत

## महंत देवगिरि महाराज ने कहा-सनातनधर्म की रक्षा के लिए हिंदू समाज से एकजुट होने का आह्वान



सीहोर (निप्र)। सनातन धर्म की रक्षा के लिए सनातन समाज के सभी लोग आपसी मतभेद भूलकर एकजुट हों। उन्होंने सभी को सनातन धर्म की रक्षा के लिए शपथ भी ग्रहण कराई। हम सभी हिंदू लोग जातिवाद को छोड़कर आपस में एक हो जाएं, तभी हम लोग संगठित हो सकते है। उक्त बात शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर के तत्वाधान में शनिवार से होने वाले छह दिवसीय महोत्सव को लेकर यहां पर की जा रही तैयारियां के निरीक्षण के दौरान तारा देवी मंदिर के महंत देवगिरि महाराज ने की। इस मौके पर मंदिर की ओर से संत माधव दास महाराज, लक्ष्मी नारायण सवारी के प्रभारी सन्नी सरदार, रजत मुंदडा, यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास आदि ने महंत देवगिरि महाराज को शाल श्री फल से स्वागत किया।गुरुवार को तारा देवी मंदिर के महंत देवगिरि ने यहां पर आयोजित मंदिर परिसर में अपने स्वागत में किया कि भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की मुख्य यजमान श्रीमती नमिता अखिलेश राय के मार्गदर्शन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि आगामी 25 अप्रैल को शहर में श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महंत रामभूषण दास महाराज के आह्वान पर देश भर के महंत, महामंडलेश्वर, नागा साधु, कथा वाचक आदि श्री लक्ष्मी नारायण की सवारी में शामिल होने के लिए आ रहे है। मंदिर परिसर में संतों का सम्मेलन दोपहर में किया जाएगा और उसके पश्चात शाम को शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर से भव्य सवारी निकाली जाएगी।

## फुटबाल प्रतियोगिता-डीएसवाय ने सीहोर मिनी वाइज को 3-2 से हराया



सीहोर (निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में सीहोर मिनी बाइज को डीएसवाय ने 3-2 के रोमांचक मुकाबले में हराया।

गुरुवार की शाम को हुए एक कांटे के मैच में सीहोर मिनी बाइज की टीम को डीएसवाय ने 3-2 से हराया। इस मैच में मिनी बाइज की ओर से राजवीर-चित्रांश ने एक-एक गोल किया। वहीं डीएसवाय की ओर से कुशल, वरुण और यश ने एक-एक गोल किया।

# सीवन पुत्र और सीवन योद्धाओं को आज मिली सबसे बड़ी सफलता दूसरा जलाशय हुआ तैयार

### अब चलेगा देश व्यापी अभियान पूरे भारतवर्ष की नदियों के नाम से

सीहोर (निप्र)। दिन गुरुवार को सीवन पुत्र और सीवन योद्धा एक संकल्प लेकर उतरे थे की आज कुछ भी हो जाए दूसरा जलाशय जो नए तथा पुराने पुल के बीच बन रहा है उसका काम आज पूर्ण करना है और यह संकल्प आज कहीं ना कहीं पूरा हुआ। जैसे ही सांय 5 बजे दूसरा जलाशय पूरी तरह से तैयार मिला जलकुंभी का जरा सा भी अंश देखने को जलाशय में नहीं मिला। आज 45 डिग्री तापमान में जिस तरह का उत्साह सीवन पुत्र और सीवन योद्धाओं में देखने को मिला, उससे शहर वासी तथा क्षेत्र वासियों हर्ष व्याप्त है। इस समय हर तरफ सीवन की चर्चा हो रही है और आने वाले समय में सीवन अभियान कहीं ना कहीं पूरे भारत की नदियों को मूल स्वरूप में लाने में सहायक सिद्ध होगा ।

सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया है कि यह जो सीवन अभियान है यह पूरे भारत में लागू सोमवार से हम करने वाले हैं। सीवन पुत्र के बाद गंगा पुत्र, कावेरी पुत्र, गोदावरी पुत्र, यमुना पुत्र, नर्मदा पुत्र, ब्रह्मपुत्र और भी बड़ी नदियों के लिए पुत्र एवं पुत्री बनाने जा रहे है



।आज सुबह राजकुमार सोनी भूरा भैया 8ः00 बजे ही सीवन घाट पर पहुंच गए और उन्होंने मार्गदर्शन दिया और संकल्प भी दिलाया ।सभी सीवन योद्धाओं का सम्मान राम मंदिर,सीहोर बस स्टैंड पर किया गयाइस अवसर पर सीवन पुत्र मुकेश राय, कैलाश चौहान, प्रकाश यादव, राजकुमार सोनी, वैभव राठौर, विल्सन जैन, जगदीश वर्मा, कमल नाविक, श्याम नाविक, जितेंद्र वर्मा, राकेश शर्मा, विनोद यादव, रतन माली, अशोक केवट आदि उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान से बदली किसान की तकदीर, खेत तालाब बना आय और आत्मनिर्भरता का स्त्रोत

सीहोर (निप्र)। प्रदेश सरकार द्वारा जल संरक्षण और संवर्धन को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान अब ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव की मिसाल बनता जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सीहोर जिले में जल संरक्षण के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं, जिनका सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है। सीहोर जिले के ग्राम ग्वाली निवासी किसान बाबूलाल की कहानी इस अभियान की सफलता को बखूबी दर्शाती है। पहले जहां बाबूलाल वर्षा पर निर्भर खेती करते थे और सिंचाई के सीमित साधनों के कारण फसल उत्पादन भी प्रभावित होता था, वहीं अब वे आत्मनिर्भरता की ओर मजबूती से कदम बढ़ा चुके हैं।

गत वर्ष चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मनरेगा (वीवीजीरामजी) योजना के तहत बाबूलाल ने आष्टा जनपद पंचायत में खेत तालाब निर्माण के लिए आवेदन किया था, जो स्वीकृत हो गया। शासन की सहायता से उन्होंने लगभग 4 लाख 50 हजार रुपये की लागत से अपने खेत में तालाब का निर्माण कराया। यह तालाब अब उनके लिए सिर्फ जल संग्रहण का साधन नहीं, बल्कि समृद्धि का आधार बन गया है।

इस तालाब के निर्माण से बाबूलाल को वर्षा जल का संरक्षण करने का स्थायी माध्यम मिला, जिससे अब वे अपनी फसलों की समय पर सिंचाई कर पा रहे हैं। परिणामस्वरूप उनकी खेती में उत्पादन बढ़ा है और फसलों की गुणवत्ता भी बेहतर हुई है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com